दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 165 जयपुर, शनिवार, 25 मई, 2024 | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष- द्वितीया, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### सुप्रीम कोर्ट ने एनजीटी के आदेश पर लगाई रोक



**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार और ईस्टर्न कैनाल प्रोजेक्ट लिमिटेड को राहत देते हुए एनजीटी के जनवरी 2024 के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें बीसलपुर बांध की भराई क्षमता बढ़ाने व सफाई के लिए की जा रही डीसिल्टिंग व ड्रेजिंग को माइनिंग मानते हुए इस प्रक्रिया को रोक दिया था। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश से जयपुर, अजमेर और टोंक जिलों को भी राहत मिली है, क्योंकि इस प्रोजेक्ट के चलते बीसलपुर बांध की भराव क्षमता बढ़ सकेगी। याचिकाकर्ता की ओर से सीनियर एडवोकेट हरीश साल्वे ने पक्ष रखा, जबकि राज्य सरकार व ईस्टर्न कैनाल की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता व राज्य के एएजी शिवमंगल शर्मा ने पक्ष रखा। एएजी शर्मा ने बताया कि बीसलपुर बांध की भराव क्षमता बढ़ाने व इसकी सफाई कार्य के लिए डीसिल्टिंग व ड्रेजिंग का काम याचिकाकर्ता फर्म को वर्ष 2023 में दिया था।

### मेधा पाटकर मानहानि केस में दोषी करार



**नई दिल्ली।** दिल्ली के साकेत कोर्ट ने शुक्रवार को नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता मेधा पाटकर को मानहानि के एक मामले में दोषी ठहरा दिया। यह मामला तत्कालीन खादी विकास और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष और मौजूदा समय में दिल्ली के लेफ्टिनेंट गवर्नर वीके सक्सेना द्वारा दायर किया गया था। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट राघव शर्मा ने अपने आदेश में कहा कि पाटकर का बयान सक्सेना की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने वाला था। इस मामले में मेधा पाटकर को अधिकतम दो साल की जेल या जुर्माना या दोनों की सजा हो सकती है। मेधा पाटकर और वीके सक्सेना के बीच यह कानूनी लड़ाई साल 2000 से चल रही है। उस समय पाटकर ने सक्सेना के खिलाफ नर्मदा बचाओ आंदोलन के खिलाफ विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए केस दायर किया था। बाद में सक्सेना ने भी पाटकर के खिलाफ दो मानहानि के मामले दर्ज कराए थे।

**रूडर खराब होने के कारण करानी पड़ी इमरजेंसी लैंडिंग... पायलट की सूझबूझ से बची सात यात्रियों की जान**

# आठ बार लहराया हेलिकॉप्टर... टकराई टेल, हादसा टला

एजेंसी | रुद्रप्रयाग

उत्तराखंड के केदारनाथ धाम में हेलिकॉप्टर पायलट की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। केदारनाथ में हेलिकॉप्टर में तकनीकी खराबी के कारण इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। हेलिकॉप्टर में 6 यात्री सवार थे। हालांकि, हादसे में किसी प्रकार के जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। रुद्रप्रयाग के आपदा प्रबंधन अधिकारी ने बताया कि हेलिकॉप्टर सिरसी हेलीपैड से 5 यात्रियों को लेकर केदारनाथ धाम जा रहा था। इसी दौरान अचानक केंस्ट्रेल एविएशन कंपनी के एक हेलिकॉप्टर में तकनीकी परेशानी सामने आई। इसके बाद लगभग सात बजकर 5 मिनट हेलिकॉप्टर को केदारनाथ धाम के हेलीपैड से लगभग 100 मीटर पहले इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी।



### हेलिकॉप्टर के पिछले हिस्से को हुआ नुकसान

लैंडिंग के वक्त हेलिकॉप्टर के सीधे जमीन पर उतारा गया। इस दौरान हेलिकॉप्टर के पीछे का हिस्से में नुकसान हुआ है, लेकिन सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इस घटना की सूचना डीजेसीए को मिलने के बाद टीम ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। अधिकारी ने हेलिकॉप्टर के पायलट कल्पेश का हवाला देते हुए बताया कि हेलिकॉप्टर में बैठे सभी यात्री सुरक्षित हैं, वहीं हेलिकॉप्टर की सुरक्षित लैंडिंग के बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली।

**पायलट और यात्री सुरक्षित:** केदारनाथ धाम हेलिपैड से लगभग 100 मीटर पहले क्रिस्टल एविएशन की आपातकालीन लैंडिंग हुई। पायलट सहित 6 यात्रियों को लेकर शेरसी हेलिपैड से केदारनाथ धाम आ रहे हेलिकॉप्टर में कुछ तकनीकी समस्या आ गई। इस कारण केदारनाथ धाम के हेलिपैड से लगभग 100 मीटर पहले हेलिकॉप्टर की आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। पायलट कल्पेश ने बताया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। अगर पायलट कल्पेश सूझबूझ के साथ इमरजेंसी लैंडिंग नहीं कराते तो बड़ा हादसा हो सकता था। केदारनाथ धाम की उड़ान भरते समय कई बार हेलिकॉप्टर हादसे का शिकार हो चुके हैं।

**लगातार बढ़ रही श्रद्धालुओं की संख्या:** चार धाम यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। 10 मई से शुरू हुई चार धाम यात्रा के पहले 10 दिन में 3 लाख 19 हजार श्रद्धालु पहुंचे। उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में यात्रियों की संख्या में यमुनोत्री में 127%, केदारनाथ में 156% की वृद्धि देखी गई। सीजन के पहले दस दिनों में 138,537 श्रद्धालुओं ने यमुनोत्री के दर्शन किए, जो पिछले दो वर्षों की तुलना में 127% ज्यादा है। इसी तरह 128,777 श्रद्धालुओं ने गंगोत्री धाम के दर्शन किए जो पिछले दो वर्षों की तुलना में 89% अधिक हैं। केदारनाथ धाम में 319,193 श्रद्धालु आए, जो पिछले दो वर्षों की तुलना में 156% अधिक हैं और बद्रीनाथ धाम में 139,656 श्रद्धालु आए और यह भी दो वर्षों की तुलना में 27% अधिक हैं।

**प्रचंड गर्मी: प्रदेश के 22 जिलों के लिए रेड अलर्ट**

# अब नौ दिन आसमां से बरसेगी आग

बेधड़क | नई दिल्ली/ जयपुर


उत्तर भारत में प्रचंड गर्मी के चलते लोग बेहाल हो रहे हैं। कई राज्यों के लिए मौसम विभाग की ओर से रेड अलर्ट जारी किया गया है। शनिवार से प्रचंड गर्मी वाले नौ दिन यानी नौतपा शुरू हो जाएंगे नौतपा 2 जून तक चलेगा। इन नौ दिनों में आसमान से आग बरसेगी। मौसम विभाग ने अंदेशा जताया है कि इस दौरान राजस्थान के कई जिलों में तापमान 50 डिग्री के आसपास पहुंच सकता है। इसके बाद प्रदेश में हालात और ज्यादा बिगड़ सकते हैं, वहीं चिकित्सा विभाग का कहना है कि हीट वेव से होने वाली मौतों को लेकर ऑडिट की जाएगी और इसे लेकर केंद्र सरकार की ओर से एक गाइडलाइन भी जारी की गई है। उधर, राजस्थान में बीते 24 घंटे में 11 लोगों की मौत तापघात से हो चुकी है। आगामी चार दिन तक भयंकर लू के तेवर को देखते हुए मौसम विभाग ने 22 जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने अलवर, बारां, भरतपुर, बूंदी, दौसा, धौलपुर, जयपुर, झुंझुनूं, करौली, कोटा, सवाई माधोपुर, सीकर, टोंक, बाड़मेर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जोधपुर, नागौर, पाली, श्रीगंगानगर में गर्मी को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है।

### चक्रवाती तूफान से तापमान में आएगी गिरावट

राजस्थान एवं दिल्ली समेत उत्तर-पश्चिम भारत के पांच राज्यों को अभी तीन-चार दिनों तक राहत मिलने की उम्मीद नहीं दिख रही है, लेकिन बंगाल की खाड़ी में बन रहे चक्रवातीय तूफान का असर व्यापक होने जा रहा है। 28 मई से यह तूफान उत्तर-पश्चिम भारत की हवा का रुख भी बदल देगा, जिससे तापमान में थोड़ी कमी आएगी।

### अब रातें भी होने लगी गर्म

प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी की स्थिति ने सामान्य जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। इस दौरान प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से दो से पांच डिग्री सेल्सियस तक ऊपर तक दर्ज किया गया है। गर्मी का आलम यह है कि अब दिन के साथ साथ रातें भी बहुत गर्म होने लगी हैं। विभाग के अनुसार बीती रात सिरोही में न्यूनतम तापमान 27.9 डिग्री सेल्सियस, सीकर में 29 डिग्री सेल्सियस, पिलानी (झुंझुनू) में 29.1 डिग्री सेल्सियस और अलवर में 29.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अन्य स्थानों पर रात का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा।




## हीट वेव से राहत देने के लिए एक्शन मोड में भजन सरकार

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की लगातार मॉनिटरिंग में राज्य सरकार वर्तमान में जारी भीषण हीट वेव से आमजन को राहत प्रदान करने के लिए फुल एक्शन मोड में है। राजधानी जयपुर से लेकर जिलों तक आमजन को पर्याप्त बिजली और पानी उपलब्ध करवाने से लेकर, गर्मी और लू-जनित बीमारियों से राहत दिलाने के लिए सभी संबंधित विभागों के अधिकारी कंटिजेंसी प्लान को अमल में लाने लिए फील्ड में डटे हुए हैं। सीएम के निर्देश पर गर्मी की मार से गोवंश और पशुधन को राहत प्रदान करने के लिए भी माकूल प्रबंध किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को भी मुख्य सचिव सुधांश पंत से बात कर निर्देश दिए कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, सभी डिस्कॉम सहित पशुपालन और गोपालन विभागों में निरंतर मॉनिटरिंग रखते हुए सक्रियता से कार्य किया जाए और तत्काल कार्यवाही करते हुए राहत प्रदान की जाए। उन्होंने प्रदेश में आमजन से लेकर पशुधन को गर्मी से राहत दिलाने के लिए सभी विभागों को उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने के निर्देश दिए।

### दोपहर में बाहर नहीं निकलें बच्चे और बुजुर्ग

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राथमिकता से भीषण गर्मी और लू-प्रकोप संबंधी प्रबंधन कार्यां को समय से पूरा करें एवं इनकी निरंतर समीक्षा भी करें। सीएम ने प्रचंड गर्मी के हालात को देखते हुए आमजन से अपील की है कि लू के प्रकोप से बचने के लिए विशेषकर बच्चे और बुजुर्ग दोपहर में बाहर निकलने से परहेज करें। हीटवेव से बचाव के लिए चिकित्सकीय एडवाइजरी का पालन करें। उन्होंने बिजली और पानी का भी समझदारी पूर्वक उपयोग करने की अपील की है ताकि अधिक मांग के समय बिजली ट्रिपिंग जैसी घटनाओं के कारण परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। मुख्यमंत्री के निर्देश पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने मौसमी बीमारियों एवं हीटवेव संबंधी व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं।

**कश्मीर में आतंकियों ने मारी थी गोली**

# सीएम ने घायल दंपती को दी 2 लाख की आर्थिक सहायता

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पहलगाम में घायल दंपती के लिए राहत दी है। इसके साथ ही हमले में घायल युवक को चेन्नई में फ्री में इलाज की सुविधाएं मिलेंगी।

जानकारी के अनुसार जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में गंभीर रूप से घायल हुए जयपुर निवासी दंपती को मुख्यमंत्री सहायता कोष से दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी गई है। सन्नी खान और उनकी पत्नी फराह खान को एक-एक लाख रुपए की अंतरिम आर्थिक सहायता मिलेगी। इतना ही नहीं, घायल दंपती के लिए हर संभव मदद और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। घायल युवक की आंख के उपचार के लिए चेन्नई स्थित शंकर नेत्रालय में व्यवस्था की गई है और उनके बेहतर इलाज में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी।

इधर, मुख्यमंत्री ने आतंकवादी हमले में घायल सन्नी खान से फोन पर बात कर उनसे हालचाल लिए हैं। सीएम शर्मा ने उन्हें आश्वस्त किया कि उनके इलाज के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं और आगे भी पूरी तरह स्वस्थ होने तक उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने घायल दंपती के परिजन आरिफ पठान से भी बात की और हर प्रकार का सहयोग देने का आश्वासन दिया।



### क्या है पूरा मामला

पहलगाम के एक रिजॉर्ट में 18 मई की देर रात आतंकी हमला हुआ था। जयपुर के ब्रह्मपुरी निवासी तबरेज खान और उनकी पत्नी फरहा आतंकियों के हमले में घायल हो गए थे। जानकारी के अनुसार बाइक सवार दो आतंकियों ने रिजॉर्ट में अंधाधुंध फायरिंग की थी और तबरेज और फरहा को अनंतनाग के अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसी घटनाक्रम में अब सीएम ने ये निर्णय लिया है।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शिष्टाचार भेंट



*जयपुर। श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट एवं श्रीकृष्ण जन्मभूमि न्यास के अध्यक्ष गुरुदेव नृत्य गोपालदास महाराज के शिष्य महंत महेंद्र दास महाराज ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शिष्टाचार भेंटकर अयोध्या आने का आमंत्रण दिया।*

**लोकसभा चुनाव**

# छठे चरण में 58 सीटों पर वोटिंग आज... कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए शनिवार को 8 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की 58 सीटों पर वोटिंग होगी। मतदान सुबह 7 शाम 6 बजे तक चलेगा। चुनाव के नतीजे 4 जून को घोषित किए जाएंगे। 58 सीटों पर 11 करोड़ से ज्यादा मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इन 58 सीटों पर 889 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं। लोकसभा चुनाव के छठे चरण में जिन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदान होगा, उनमें बिहार (8 सीटें), हरियाणा (सभी 10 सीटें), जम्मू और कश्मीर (एक सीट), झारखंड (4 सीटें), दिल्ली (सभी 7 सीटें), ओडिशा (6 सीटें), उत्तर प्रदेश (14 सीटें) और पश्चिम बंगाल (8 सीटें) शामिल हैं। इसके साथ ही ओडिशा की 42 विधानसभा सीटों के लिए भी मतदान होगा।

छठे चरण के चुनाव में 11.13 करोड़ वोटर्स में से 5.84 करोड़ पुरुष, 5.29 करोड़ महिलाएं और 5,120 थर्ड जेंडर के मतदाता शामिल हैं। चुनाव आयोग ने 1.14 लाख मतदान केंद्रों पर लगभग 11.4 लाख मतदान अधिकारियों को तैनात किया गया है। भारत के बड़े हिस्से में गर्मी के प्रकोप के चलते चुनाव आयोग ने चुनाव अधिकारियों और राज्यों को पर्याप्त उपाय करने के निर्देश दिए हैं। चुनाव के शुरुआती 5 चरणों में 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 428 सीटों के लिए मतदान पूरा हो गया है।

### ये दिग्गज चेहरे चुनावी मैदान में

लोकसभा चुनाव में छठे चरण में चर्चित और दिग्गज चेहरों की किस्मत दांव पर लगी है। छठे चरण में प्रमुख उम्मीदवारों में संबलपुर (ओडिशा) से धर्मेंद्र प्रधान (भाजपा), उत्तर पूर्वी दिल्ली से मनोज तिवारी (भाजपा) और कन्हैया कुमार (कांग्रेस), सुल्तानपुर (उत्तर प्रदेश) से मेनका गांधी (भाजपा) शामिल हैं. वहीं, अनंतनाग-राजौरी (जम्मू और कश्मीर) से महबूबा मुफ्ती (पीडीपी), तमलुक (पश्चिम बंगाल) से अभिजीत गंगोपाध्याय (भाजपा), और भाजपा के मनोहर लाल खट्टर (करनाल, हरियाणा), नवीन जिंदल (कुरुक्षेत्र) और राव इंद्रजीत सिंह (गुड़गांव) शामिल हैं। नई दिल्ली लोकसभा सीट से इस बार सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज हैं। बांसुरी का आप पार्टी के उम्मीदवार सोमनाथ भारती से आमना-सामना हो रहा है।



### सबसे ज्यादा 223 प्रत्याशी हरियाणा में

लोकसभा के छठे चरण के चुनाव में कुल 889 प्रत्याशी मैदान में है। इनमें सबसे अधिक 223 प्रत्याशी हरियाणा के हैं, जबकि सबसे कम 20 प्रत्याशी जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से मैदान में हैं। छठे चरण में हरियाणा की सभी 10 सीटों पर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के साथ मतदान होगा। इसके अलावा उत्तर प्रदेश की 14 सीटें, बिहार और पश्चिम बंगाल की आठ-आठ सीटें, ओडिशा की छह सीटें, झारखंड की चार सीटें और जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर भी लोकसभा चुनाव के छठे चरण में मतदान होगा। वोटों की गिनती 4 जून को होगी।

## जरूरी खबर

### मोनिका कला संकाय में आमेर ब्लॉक में प्रथम



**बिलोंची।** क्षेत्र के भीवपूरा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भीवपुरा में कक्षा 12 वीं कला वर्ग में प्रथम स्थान पर रही मोनिका गुर्जर ने 95.20%, अंक प्राप्त किए। उसने आमेर ब्लॉक में प्रथम स्थान हासिल किया। मोनिका के पिता मजदूरी करते हैं। द्वितीय स्थान पर रही भाग्यश्री बुनकर ने 93% अंक प्राप्त किए। 91.40% अंक प्राप्त कर प्रिया बुनकर तृतीय स्थान पर रही। चौथे स्थान पर अंजली मीणा व पायल प्रजापत ने 91.20% प्राप्त किए।

### पांच विषयों के परीक्षा पाठ्यक्रम में संशोधन

**जयपुर।** राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल के सचिव राकेश कुमार लवानिया ने बताया कि उच्च माध्यमिक परीक्षा सत्र 2023-24 से पांच विषयों के पाठ्यक्रम में संशोधन किया गया है। लवानिया ने बताया कि हिन्दी, भूगोल, व्यवसाय अध्ययन, मनोविज्ञान एवं चित्रकला के पाठ्यक्रम में संशोधन किया गया है। उन्होंने बताया कि राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल के अभ्यर्थी जिन्होंने 2023 से पूर्व पंजीकरण करवाया है, को अध्ययन की सुविधा के लिए आगामी परीक्षाओं में पुराने एवं नवीन पाठ्यक्रम के प्रश्न-पत्र उपलब्ध करवाए जाएंगे।

### कलेक्टर कर सकेंगे आंगनबाड़ी में छुट्टियां घोषित

महिला एवं बाल विकास विभाग

**जयपुर।** शासन सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग डॉ. मोहन लाल यादव ने बताया कि तेज गर्मी के कारण राज्य में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश के लिए जिलों के कलेक्टरों को अधिकृत किया गया है। इस सम्बन्ध में जिला उपनिदेशकों को पत्र प्रेषित कर कहा गया है कि जिला प्रशासन से इस सम्बन्ध में चर्चा कर जिला कलेक्टर के निर्देश अनुसार आंगनबाड़ी केंद्रों पर अवकाश के लिए कार्रवाई करें। उन्होंने बताया कि अवकाश कि स्थिति में आंगनबाड़ी के बच्चों को उनके घरों पर ही पोषाहार वितरण सुनिश्चित किया जाए।

**हीटवेव का असर:** भीषण गर्मी को देखते हुए सफाई कर्मचारियों व मनरेगा श्रमिकों के काम का समय बदला

# अब लू- धूप में सफाईकर्मी व मजदूरों को नहीं करना पड़ेगा काम

■ आपदा प्रबंधन, सहायता व नागरिक सुरक्षा विभाग ने जारी किए निर्देश

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में प्रचंड गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए स्थानीय निकाय विभाग ने सफाई कर्मचारी को राहत दी है। लू के प्रकोप के बीच सफाई कर्मचारियों को अब दो नहीं, बल्कि एक पारी में ही सफाई करनी होगी।

नगरीय निकायों में ये आदेश 30 जून तक लागू रहेंगे। दरअसल, इन दिनों प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ रही है। इसके चलते इंसान ही नहीं बल्की जीव-जंतु व पशु-पक्षी भी हलकान हो रहे हैं। दोपहर के समय सड़कों पर लोगों की आवाजाही बहुत ही कम दिख रही है।

लू के थपेड़ों से बचने के लिए जरूरी काम होने पर ही लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं। ऐसे में प्रदेश की भजनलाल सरकार ने सफाईकर्मियों व मजदूरों को बड़ी राहत दी है। आपदा प्रबंधन, सहायता व नागरिक सुरक्षा विभाग के निर्देशों की पालना में स्थानीय निकाय विभाग की ओर से नगरीय निकायों में काम कर रहे सफाई कर्मचारियों के कार्य समय में बदलाव किया है।



### एक ही पारी में होगी सफाई

स्थानीय निकाय विभाग की ओर से नगरीय निकायों में काम कर रहे सफाई कर्मचारियों को अब दिनभर तपती धूप में सफाई नहीं करनी पड़ेगी। विभाग की ओर से सफाई कर्मचारियों को अब सुबह-सुबह एक ही पारी में सफाई करनी होगी। उप निदेशक (प्रशासन) विनोद पुरोहित की ओर से जारी आदेश के अनुसार सफाई कर्मचारियों के सफाई करने का समय सुबह 5 बजे से 10 बजे तक तय किया गया है। ये आदेश 30 जून 2024 तक लागू रहेगा। चूंकि इस समय तक प्रदेश में भी मानसून की एंट्री हो जाती है।

### मनरेगा का समय सुबह 5.30 बजे से

उधर, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग ने महात्मा गांधी नरेगा योजना में कार्यरत श्रमिकों को भी राहत दी है। गर्मी के मौसम को देखते हुए नरेगा श्रमिकों का टाइम सुबह 5:30 से दोपहर 12:30 तक निर्धारित किया गया है। जिला कलेक्टरों को आदेश जारी करते हुए यह स्पष्ट किया गया है कि यदि कोई श्रमिक समूह समय से पहले निर्धारित टास्क को पूरा कर लेता है, तो सुबह 10:30 भी कार्य स्थल को छोड़ सकता है। ये व्यवस्था 15 जुलाई तक प्रभावी रहेगी। इसके बाद कार्यों का समय जिला कलेक्टर और जिला कार्यक्रम समन्वयक स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर निर्धारित कर सकेंगे।

**ऊर्जा मंत्री नागर ने कंपनियों की** मैराथन बैठक में दो टूक कहा...

# बिजली की व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ तो करेंगे MOU निरस्त

बेधड़क | जयपुर

भीषण गर्मी के चलते प्रदेश में कई जगह पर बिजली कटौती हो रही है और कोटा शहर में भी बार-बार ट्रिपिंग के चलते बिजली जा रही है, जिससे आम उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं। इसी मामले को लेकर कोटा शहर के भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधियों ने शुक्रवार को ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर से उनके निवास पर मुलाकात की थी और शिकायत की थी। जिसके बाद मंत्री नागर ने मैराथन बैठक की।

कोटा इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (केईडीएल) और जेवीवीएनएल के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। थर्मल के इरेक्टर्स हॉस्टल में शुक्रवार को अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान मंत्री हीरालाल नागर ने प्रदेश की बिजली कंपनियों की व्यवस्था को रिव्यू करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मंत्री हीरालाल नागर ने भी बिजली कंपनियों को साफ कहा है कि व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो एमओयू निरस्त कर दिया जाएगा। प्रदेश के अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक से दूरभाष पर चर्चा कर इस संबंध में दिशा-निर्देश दिए। जेवीवीएनएल के एडिशनल चीफ इंजीनियर को फ्रेंचाइजी कंपनी केईडीएल के अधिकारियों के साथ मीटिंग के लिए बुलाया गया है।

उन्होंने कई दिशा-निर्देश निजी बिजली कंपनी को दिए हैं। कमियां का आकलन किया जा रहा है। उसके बाद जयपुर में भी रिव्यू मीटिंग कर इन्हें सुधर जाएगा। ऊर्जा मंत्री नागर ने कोटा शहर में केईडीएल की लापरवाही से उपभोक्ताओं को हो रही परेशानियों को लेकर फटकार लगाते हुए कहा कि प्रसारण निगम पर्याप्त मात्रा में केईडीएल को बिजली दे रहा है, फिर भी वितरण ठीक ढंग से नहीं हो रहा है। बार-बार ट्रिपिंग हो रही है, जिससे आमजन परेशान हो रहा है।

केईडीएल के अधिकारियों का सिर्फ रेवेन्यू पर ध्यान है। जनप्रतिनिधियों की शिकायत पर केंद्रीयकृत कन्ट्रोल रूम (सीसीआर) की तर्ज पर कन्ट्रोल रूम उपलब्ध करवाने व केईडीएल को 11 उपखण्डों में फॉल्ट रेक्टिफिकेशन टीम (एफआरटी) की संख्या बढ़ाने को कहा है। फ्रेंचाईजी कम्पनी की उच्च स्तरीय ऑडिट करवाने के निर्देश दिए है।



### बंद यूनिटों को शुरू करने के निर्देश

मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि काली सिंध पावर प्लांट की 600 मेगावाट की इकाई बंद है, जिसे जल्द ही चालू करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने 28 मई तक इस लाइट अप करने की बात कही है। बढ़ती हुई मांग को देखते हुए धौलपुर गैस पावर प्लांट चालू कराया गया है और सूरतगढ़ की भी बंद यूनिट को जल्द लाइट अप करने के निर्देशित दिए हैं। सीएम भजनलाल के निर्देश है कि आम उपभोक्ता की लाइट नहीं जानी चाहिए। पश्चिम राजस्थान में वर्तमान में मूंगफली का सीजन चल रहा है और उद्योगों को पीक आवर की जगह लीक आवर में बिजली देने के निर्देश दिए।

### तय समय में हो समस्या का समाधान

मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि उपभोक्ता को बिना रुकावट के 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जा सके, इसके लिए पूरे रीजन के अभियंताओं की मीटिंग ली है। फेज मैनर में निदान के लिए निर्देश दिए हैं। इसके लिए समस्याओं को छांटने के लिए भी कहा गया है, ताकि छोटी समस्या को दो से चार दिन, बड़ी समस्या को 8 से 15 दिन और इससे भी बड़ी समस्या को तयबद्ध समय में पूरा करने के लिए निर्देशित किया है। जिन समस्याओं के लिए हेड क्वार्टर से आवश्यकता है, वह भी पूरी करने के लिए निर्देश दिए हैं।

**भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष का पलटवार**

# कांग्रेस सरकार में सेनेटरी नैपकीन के एक दर्जन से ज्यादा घोटाले सामने आए

बेधड़क | जयपुर



भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने उड़ान योजना के तहत महिलाओं को बांटे जाने वाले निशुल्क सेनेटरी नैपकीन वितरण को लेकर पूर्व सीएम अशोक गहलोत के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस को प्रदेश की जनता ने रिजेक्ट कर दिया वे अब किस मुंह से जनहित का दावा कर रहे हैं। दाधीच ने कहा कि पिछली गहलोत सरकार में प्रदेश के भीलवाड़ा, उदयपुर, बांसवाड़ा, जयपुर सहित एक दर्जन से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रो पर सेनेटरी नैपकीन के घोटाले सामने आए थे।

कांग्रेस सरकार के समय प्रदेश में उड़ान योजना के तहत महिलाओं को निशुल्क सेनेटरी नैपकीन बांटने का दावा पूरी तरह खोखला साबित हुआ था। हैरानी की बात यह है कि यह योजना धरातल पर उतर ही नहीं पाई। आज जब प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को सत्ता से खदेड़ दिया तो मनगढ़तं आरोप लगाकर अपनी खीज उतार रहे हैं। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कहा कि पूर्व सीएम अशोक गहलोत के शासनकाल में महिलाओं और बालिकाओं को निशुल्क सेनेटरी नैपकीन बांटने के नाम पर करोड़ों रुपए का घोटाला किया गया। महिला अधिकारिता विभाग की ओर से भीलवाड़ा जिले की 2217 आंगनबाड़ी केंद्रों पर हर माह 4 लाख 70 हजार सेनेटरी नैपकिन निशुल्क वितरण करना बताया, जबकि जिले की 70 प्रतिशत से अधिक महिलाओं को सेनेटरी नैपकिन वितरित ही नहीं किए गए। वहीं रिकॉर्ड में पूरी सप्लाई बताकर करोड़ों का भुगतान उठा लिया। इतना ही नहीं, गहलोत सरकार के अधिकारियों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पर दबाव बनाकर फर्जी रसीदें तक बनवाई और फर्जी रसीद नहीं देने पर सप्लायर द्वारा फर्जी साइन कर भुगतान उठा लिया। दाधीच ने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार के समय आरएमएससीएल द्वारा 2022 में टेंडर किए गए फाईनेंशियल बिड खुलने के बावजूद कंपनी ने सेनेटरी नैपकीन खरीदे ही नहीं। इसके चलते प्रदेश की 21 लाख महिलाओं तक सेनेटरी नैपकीन नहीं पहुंच पाए।

**कंपनियों का दावा:** तय समय में किया सभी का निस्तारण

# डिस्कॉम के कॉल सेंटरों पर पांच दिन में मिली 76 हजार शिकायतें

बेधड़क | जयपुर

डिस्कॉम प्रशासन की ओर से कहा गया है कि बिजली समस्या के निस्तारण के लिए शहरों में 1 घंटे 30 मिनट व ग्रामीण क्षेत्रों में 2 घंटे का समय निर्धारित किया हुआ है। डिस्कॉम का यह प्रयास रहता है कि सभी दर्ज शिकायतों का निर्धारित समय में समाधान हो जाए।

भीषण गर्मी की वजह से 19 से 23 मई तक जयपुर, अजमेर एवं जोधपुर विद्युत वितरण निगम के केन्द्रीकृत कॉल सेंटरों पर विद्युत आपूर्ति एवं सुरक्षा से सम्बन्धित लगभग 76 हजार शिकायतें दर्ज हुई थी। इन सभी शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण किया जा चुका है और कोई भी शिकायत निस्तारण के लिए लम्बित नही है। जयपुर डिस्कॉम में 24 हजार शिकायतें दर्ज हुई थी और इन सभी का समाधान उसी दिवस में निर्धारित समय में कर दिया गया है। शिकायतों के तुरन्त समाधान के लिए सब-डिवीजन स्तर पर एफआरटी टीमें संचालित की जा रही हैं। दर्ज शिकायत के समाधान के उपरान्त यथासंभव सम्बन्धित उपभोक्ता से शिकायत के समाधान का सत्यापन करने के उपरान्त ही शिकायत को निस्तारित माना जाता है। जयपुर डिस्कॉम टोल फ्री नंबर 18001806507, टेलिफोन नम्बर 0141-2203000 एवं आईवीआरएस 1912 पर एवं मोबाइल नम्बर 9414037085 पर अपना सम्पूर्ण पता, बिल में अंकित 12 अंको का के-नम्बर टाइप कर शिकायत मैसेज एवं वाट्सएप द्वारा भी दर्ज करवा सकते हैं।




**नर्सिंगकर्मचारी निलंबित, आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराने के आदेश**

# मरीज को बाहरी युवक लगाते मिला इंजेक्शन

बेधड़क | जयपुर

बहरोड के जिला अस्पताल में कलेक्टर के औचक निरीक्षण के दौरान नर्सिंगकर्मी की जगह दूसरा युवक मरीज को इंजेक्शन लगाते पाया गया। इस पर नाराज कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने नर्सिंगकर्मी को निलंबित कर दिया।

वहीं, मरीज को इंजेक्शन देने वाले युवक के खिलाफ अस्पताल इंचार्ज को मामला दर्ज करने का आदेश दिया। दरअसल, शुक्रवार को बहरोड दौरे पर रही जिला कलेक्टर जिला अस्पताल के इंजेक्शन वार्ड में पहुंची। मौके पर उन्होंने एक प्राइवेट व्यक्ति सुमित कुमार पुत्र घासीराम निवासी मुंडावर को मरीजों को इंजेक्शन देते पाया। जब जिला कलेक्टर ने युवक से पूछताछ की तो वो कोई को जवाब नहीं दे सका। ऐसे में कलेक्टर को उस पर शक हुआ। वहीं, मामले को गंभीर से लेते हुए मौके पर पीएमओ डॉ. सत्यवीर यादव को निर्देशित किया गया कि इंजेक्शन देने वाले व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाए। साथ ही इंजेक्शन वार्ड के प्रभारी राकेश कुमार को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बताया कि शुकवार को दोपहर के दौरान वो बहरोड जिला अस्पताल के निरीक्षण के लिए आई थीं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एक युवक को मरीज को इंजेक्शन लगाते पाया। इस पर जब उन्होंने युवक से सवाल किया तो वो जवाब नहीं दे पाया।

वहीं, उन्हें शक हुआ, जिसके बाद जिला अस्पताल इंचार्ज से युवक के बारे में पूरी जानकारी ली। जांच में पाया गया कि नर्सिंगकर्मी राकेश कुमार की जगह वो काम कर रहा था। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का कार्य मानव जीवन को खतरे में डालने वाला है और सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।



**ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय में राष्ट्रीय मीडिया सम्मेलन**

# फिर से रामराज्य लाने में मीडिया की रहेगी अहम भूमिका: मंत्री खराड़ी

बेधड़क | जयपुर

माउंट आबू स्थित ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के ज्ञान सरोवर परिसर में आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रीय मीडिया सम्मेलन एवं रिट्रीट का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ।

नई सामाजिक व्यवस्था के लिए दृष्टि और मूल्य-मीडिया की भूमिका विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में देशभर से प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, रेडियो और वेब मीडिया से जुड़े संपादक और पत्रकार भाग लेने पहुंचे हैं। शुभारंभ पर राजस्थान के जनजातीय क्षेत्रीय विकास एवं गृह रक्षा विभाग कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कहा कि आज नेता कुर्सी पाने के लिए और सत्ता में आने के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। नेताओ का स्तर का गिरना चिंता का विषय है। हम उस महान संस्कृति से आते हैं, जहां भरत जैसे राजा हुए जिन्होंने 14 बरस अपने बड़े भाई श्रीराम के पैरो की खड़ाऊ रख कर शासन चलाया। आज लोग पैसे कमाने के लिए किसी भी स्तर पर जाने को तैयार हैं। फिर से राम राज्य आएगा इसे कोई रोक नहीं सकता है। इसमें मीडिया को अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी।




### हमें मिलकर लाना है राम राज्य

अंतरराष्ट्रीय प्रेरक वक्ता बीके शिवानी दीदी ने कहा कि हमें मिलकर रामराज्य लाना होगा। इसके लिए एक- एक को संकल्प करना होगा। हमारे संस्कारों से ही रामराज्य और रावण राज्य बनता है। संस्कारों से संसार बनता है। यदि हमारे संस्कार दिव्य, पवित्र होगे तो रामराज्य आएगा। हमें आग लगाने वाली नहीं आग बुझाने वाली चिड़िया बनना है। हमें समाज को नई दिशा देने वाला पत्रकार बनना है। मल्टीमीडिया के निदेशक बीके करुणा भाई ने कहा कि आपका पेशा जवाबदारी का है इसलिए आपका समाज के प्रति अधिक दायित्व है। जब आप स्वयं मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रहेंगे तो समाज के लिए बेहतर कर पाएंगे।

### अपने साथ ले जाएं झोली भरकर ज्ञान

राष्ट्रीय संयोजक बीके निकुंज भाई ने कहा कि आप सभी मीडिया के भाई-बहन अपने घर में, परमात्मा के घर में आए हैं। ज्ञान सरोवर से ज्ञान की झोली भरकर जाएं। यहां से खुशी, शांति लेकर जाएं जो आपके जीवन में हमेशा के लिए यादगार बन जाएगी। मीडिया विंग द्वारा पिछले तीन दशकों से भारत सहित विश्वभर के अनेक देशों में मीडिया सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। इन सम्मेलनों का मकसद है मीडियाकर्मियों के जीवन में सुख, शांति और खुशी लाना है।इस दौरान भारतीय जनसंचार संस्थान के पूर्व महानिदेशक और जाने माने मीडिया गुरु प्रो. संजय द्विवेदी,संयुक्त मुख्य प्रशासिका एवं ज्ञान सरोवर की निदेशिका राजयोगिनी बीके स्वदेश दीदी, राष्ट्रीय संयोजिका बीके सरला आनंद बहन, पूर्व कुलपति मानसिंह परमार, यूके से आए लेखक नेविले होड़ीगसन, राष्टीय संयोजक बीके सांतानु भाई ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### बालिकाओं ने स्वागत गीत से मोहा मन

स्वागत नृत्य खड़गपुर के आदिकला नृत्य अकादमी की बालिकाओं ने पेश किया। जोरदार नृत्य की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। अजमेर से आई विंग की सबजोनल मीडिया समन्वयक बीके योगिनी बहन ने सम्मेलन की रूपरेखा बताई। अतिथियों का स्वागत पगड़ी पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। संचालन मुख्यालय संयोजिका बीके चंदा बहन ने किया।

## जरूरी खबर

### बस स्टैंड पर पेयजल व्यवस्था के निर्देश



**जयपुर।** प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी है। इसको देखते हुए रोडवेज की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्रेया गुहा ने 'यात्रियों को गर्मी से राहत देने एवं राज्य में कोई भी व्यक्ति प्यासा न रहे' के उद्देश्य से शुक्रवार को सभी बस स्टैंड पर पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कर यात्रियों को शीतल पेयजल उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। रोडवेज की कार्यकारी निदेशक (प्रशासन) अनीता मीना ने बताया कि बस स्टैंड्स पर यात्रियों के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने को छायादार स्थानों पर पेयजल, वाटलकूलर, आरओ आदि की व्यवस्था करने, उनके उचित रखरखाव एवं मरम्मत कर शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए आदेश जारी किए गए हैं।

### चुनाव परिणाम रोकने के खिलाफ की अपील

**जयपुर।** अग्रवाल समाज सेवा समिति के चुनाव परिणाम पर रोक लगाने के सिविल न्यायालय के आदेश के खिलाफ अग्रवाल समाज सेवा समिति और निर्वतमान अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश अग्रवाल की ओर से एडीजे-9 अदालत में अपील की गई है। अपील में कहा गया है कि सिविल न्यायालय का 21 मई का अंतरिम रोक का आदेश कानूनी तौर पर गलत है। दूसरे पक्ष को सुने बिना अंतरिम आदेश नहीं दिया जा सकता है। ऐसे में सिविल न्यायालय के आदेश को रद्द किया जाए। कोर्ट ने मामले में पक्षकार आनंद गुप्ता को नोटिस जारी करके 27 मई तक जवाब मांगा है। अपीलार्थी के अधिवक्ता पवन शर्मा ने कहा कि सिविल न्यायालय का अंतरिम रोक का आदेश कानूनी तौर पर गलत है। दूसरे पक्ष को सुने बिना अंतरिम आदेश नहीं दिया जा सकता है।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।


न्यू क्रिमिनल लॉज-2023 के संदर्भ में हैंडबुक व अनुसंधान फ्लो चार्ट के पोस्टर का विमोचन

# 12 हजार पुलिसकर्मियों को नए आपराधिक कानूनों का प्रशिक्षण

**बेधड़क | जयपुर**

'एक जुलाई से देश में लागू होने वाले नवीन आपराधिक कानूनों के बारे में राज्य में पुलिस अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित करने की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। प्रदेश में अब तक लगभग 12,000 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नवीन आपराधिक कानूनों-2023 का प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। जून-2024 के अंत तक राज्य के समस्त पुलिस अनुसंधान अधिकारियों की ट्रेनिंग पूरी कर ली जाएगी।' यह जानकारी पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय में नवीन आपराधिक कानूनों (न्यू क्रिमिनल लॉज-2023) के संदर्भ में अनुसंधान अधिकारी (आईओ) के लिए हैंडबुक व अनुसंधान फ्लो चार्ट के पोस्टर के विमोचन समारोह में दी।



### ये अधिकारी रहे मौजूद

डीजीपी द्वारा पुलिस मुख्यालय में नवीन आपराधिक कानूनों की आईओ हैंडबुक व अनुसंधान फ्लो चार्ट पोस्टर के विमोचन के अवसर पर अतिरिक्त महानिदेशक, क्राइम श्री दिनेश एम. एन, अतिरिक्त महानिदेशक, भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड श्री सचिन मित्तल, उप महानिरीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण श्री राहुल कोटोकी, इंटेलिजेंस ट्रेनिंग अकादमी के निदेशक श्री दीपक भार्गव एवं पुलिस अधीक्षक जयपुर (ग्रामीण) श्री शांतनु कुमार सिंह के अलावा नवीन आपराधिक कानून-2023 के क्रियान्विति से संबंधित समितियों के सदस्यों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धनपत राज, शालिनी सक्सेना एवं सुशीला यादव, उप पुलिस अधीक्षक श्री देवेन्द्र सिंह, पुलिस निरीक्षक श्री दीपक यादव, धीरज वर्मा एवं पंकज राज तथा एसआई सोनिया तंवर मौजूद रहे।

### निर्धारित टाइमलाइन में पूरा करें प्रशिक्षण कार्यक्रम

आईओ हैंडबुक में पुलिस अनुसंधान प्रक्रिया का पुराने और नए कानूनों के संदर्भ में तुलनात्मक विवरण, राजस्थान पुलिस अधिनियम एवं रेगुलेशन के संदर्भित प्रावधान एवं विधि विज्ञान के अनुसंधान में उपयोगी सामग्री के साथ ही इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर्स के संदर्भ और विवेचन के लिए तार्किक फ्लो चार्ट एवं ब्रोशर का समावेश किया गया है। डीजीपी साहू ने इस अवसर पर अधिकारियों को हैंडबुक व इंवेस्टिगेशन फ्लो चार्ट की प्रतियों को पुलिस रेंज, जिला, वृत एवं थाना स्तर तक वितरण करने के लिए निर्देश देते हुए कहा कि 'न्यू क्रिमिनल लॉज-2023' के बारे में प्रदेश में जारी प्रशिक्षण कार्यक्रमों को निर्धारित टाइमलाइन में पूरा करें।

### अब तक की कार्रवाई

उल्लेखनीय है कि पुलिस मुख्यालय के स्तर पर गृह मंत्रालय भारत सरकार के आदेशों की अनुपालना में 13 जनवरी, 2024 को नवीन आपराधिक कानून-2023 के क्रियान्विति किये जाने के लिये 07 विभिन्न समितियों का गठन किया गया था और अतिरिक्त महानिदेशक, पुलिस प्रशिक्षण श्रीमती मालिनी अग्रवाल को राज्य में प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं उप महानिरीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण श्री राहुल कोटोकी को नवीन आपराधिक कानूनों-2023 के क्रियान्वयन तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी बनाया गया है। वहीं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों को जिला स्तर पर नोडल अधिकारी बनाया गया है।

एसीएस ने की मौसमी बीमारियों और हीटवेव प्रबंधन की समीक्षा

# तीन दिन में व्यवस्थाएं सुधारें, नहीं तो जिम्मेदार के खिलाफ एक्शन



**बेधड़क | जयपुर**

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने कहा कि हीटवेव को लेकर राजस्थान रेड अलर्ट श्रेणी में है और मौसम विभाग ने आगामी समय में भी अत्यधिक गर्मी एवं लू की चेतावनी दी है। ऐसे में प्रदेश का समस्त चिकित्सा प्रबंधन संवेदनशीलता के साथ हीटवेव से बचाव एवं उपचार की पुख्ता व्यवस्थाएं सुनिश्चित करे। अस्पतालों में कूलर, पंखे, एसी, वाटर कूलर आदि आवश्यक रूप से क्रियाशील रहें। जहां भी हीटवेव को लेकर आवश्यक व्यवस्थाओं में गेप है, वहां 3 दिन के भीतर सम्पूर्ण व्यवस्थाएं सुचारू करें, अन्यथा जिम्मेदार अधिकारी और कार्मिक के विरूद्ध सख्त एक्शन लिया जाएगा।

शुभ्रा सिंह शुक्रवार को स्वास्थ्य भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मौसमी बीमारियों एवं हीटवेव प्रबंधन को लेकर समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारियों एवं हीटवेव प्रबंधन को लेकर चिकित्सा संस्थानों में किसी तरह की कमी नहीं रहे। किसी भी स्तर पर लापरवाही के कारण मरीजों को होने वाली असुविधा बर्दाश्त नहीं की जा सकती। उन्होंने संयुक्त निदेशक जोन को निर्देश दिए कि मौसमी बीमारियों एवं हीटवेव संबंधी व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएं।

### तात्कालिक आवश्यकताएं पूरी करें

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि तात्कालिक आवश्यकताओं को देखते हुए आरएमआरएस की बैठक तुरंत कर जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने बताया कि आचार संहिता के चलते आरएमआरएस की बैठकें नहीं हो पा रही थीं। इसके चलते चिकित्सा संस्थानों में आवश्यक संसाधनों की खरीद एवं अन्य कार्य बाधित हो रहे थे, लेकिन तात्कालिक आवश्यकताओं को देखते हुए चुनाव आयोग की सहमति के अनुसार ये बैठकें आयोजित की जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि संसाधनों की खरीद आदि में समय लगने तक वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने सभी मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को पत्र लिखकर निर्देश दिए हैं कि मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध अस्पतालों में हीटवेव प्रबंधन के लिए आरएमआरएस में उपलब्ध बजट का युक्ति संगत उपयोग किया जाए। इसके लिए समस्त चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध अस्पताल आरएमआरएस की बैठक तुरंत प्रभाव से आयोजित कर कूलर, एसी, डक्टिंग, वाटर कूलर, दवा आदि से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

### नोडल अधिकारियों के साथ हो साप्ताहिक बैठक

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने मौसमी बीमारियों की जिलेवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि डेंगू, मलेरिया आदि पर प्रभावी नियंत्रण के लिए एन्टीलार्वा एवं सोर्स रिडक्शन सहित अन्य गतिविधियां सघनता के साथ की जाएं। जहां भी केस सामने आए, वहां इन गतिविधियों को बढ़ाया जाए एवं प्रोटोकॉल के अनुसार कार्यवाही की जाए। रोकथाम गतिविधियों को लेकर स्थानीय निकाय विभाग द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारियों के साथ साप्ताहिक बैठक की जाए।

### जहां केस ज्यादा वहां विशेष सतर्कता बरतें

उन्होंने मौसमी बीमारियों से संबंधित केसों की नियमित रिपोर्टिंग करने एवं आमजन को जागरूक करने के लिए निरन्तर आईईसी गतिविधियां किए जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जिन जिलों में डेंगू के केस ज्यादा सामने आए हैं, वहां विशेष सतर्कता बरती जाए। मौसमी बीमारियों की मॉनिटरिंग के लिए किए गए नवाचार ओडीके एप पर आई शिकायतों के निस्तारण के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए जाएं।

### 90 प्रतिशत संस्थानों में व्यवस्थाएं चाक-चौबंद

निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बैठक में बताया गया कि हीटवेव को लेकर मार्च माह से ही ट्रेनिंग, ऑरियेंटेशन, कार्यशाला आदि कार्यक्रम शुरू कर दिए गए थे। सभी चिकित्सा संस्थानों को तैयारियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए थे एवं अस्पतालों में आवश्यक संसाधनों को लेकर अप्रेल माह में ही गेप एनालिसिस कर लिया गया था। इन तैयारियों के कारण जिला अस्पताल से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तक करीब 3500 चिकित्सा संस्थानों में से 90 प्रतिशत में व्यवस्थाएं चाक-चौबंद स्थिति में है। शेष 10 प्रतिशत में भी अधिकारियों द्वारा वैकल्पिक सुविधाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं।

### पाली में मां-बेटे की मौत हीट स्ट्रोक से नहीं

बैठक में अवगत कराया गया कि पाली जिले के देसूरी ब्लॉक के गुडा मंगलियान गांव में मां-बेटे की मृत्यु भीषण गर्मी के कारण नहीं हुई है। गांव के 38 वर्षीय समन्दर सिंह घर पर सो रहे थे। शरीर में हलचल नहीं देखकर परिवार वाले उन्हें सादड़ी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक में हीट स्ट्रोक से संबंधित कोई लक्षण नहीं पाया गया था। इसी प्रकार समन्दर सिंह की 80 वर्षीय मां श्रीमती राजू कंवर पहले से ही हृदय रोगी थी। मृत्यु का कारण चिकित्सक दल ने हृदय गति रूकना बताया है। उनकी मृत्यु भी हीट स्ट्रोक के कारण नहीं पाई गई।

### जांच के बाद ही हो हीट स्ट्रोक से मौत की रिपोर्टिंग

उन्होंने कहा कि चिकित्सा संस्थानों में होने वाली मौतों की डेथ ऑडिट कमेटी द्वारा प्रोटोकॉल के अनुसार जांच की जाए। इसके बाद ही हीट स्ट्रोक से होने वाली मौतों की आईएचआईपी पोर्टल पर रिपोर्टिंग की जाए। उन्होंने कहा कि किसी रोगी के मृत्यु के कई कारण हो सकते हैं, इसलिए डेथ ऑडिट कमेटी की रिपोर्ट के बाद ही यह घोषित किया जाए कि मौत का कारण हीट स्ट्रोक है।

### ये रहे मौजूद

बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, आरएमएससीएल की प्रबंध निदेशक श्रीमती नेहा गिरि, निदेशक आरसीएच डॉ. सुनीत राणावत, अतिरिक्त निदेशक अस्पताल प्रशासन डॉ. सुशील कुमार परमार, अतिरिक्त निदेशक ग्रामीण स्वास्थ्य डॉ. प्रवीण असवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्य, अधीक्षक, संयुक्त निदेशक जोन, सीएमएचओ, पीएमओ, जिला शिशु स्वास्थ्य एवं प्रजनन अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, समस्त खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं खण्ड कार्यक्रम प्रबंधक भी वीसी से जुड़े।

तीन इनामी बदमाशों सहित चार अरेस्ट

# CBI अफसर बनकर लूटते थे लोगों को



**बेधड़क | जयपुर**

साबीआई और पुलिस अफसर बनकर लूटने वाली गैंग के तीन इनामी बदमाशों सहित चार जनों को पुलिस ने अरेस्ट किया है। बदमाश 300 किलोमीटर का सफर कर वारदात को अंजाम देने जयपुर में आते थे।

फिलहाल गिरफ्तार चारों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। डीसीपी नॉर्थ राशि डोगरा डूडी ने बताया कि लूट मामले में शेख मुख्तार उमर उर्फ मुख्तार हसन, मोहम्मद अली उर्फ साबिर हसन व जुल्फीकार उर्फ जावेद निवासी निवासी ईरानी बस्ती अमन कॉलोनी निशादपुरा भोपाल और उनके टैक्सी ड्राइवर जितेन्द्र कुमार निवासी फरीदबाद हाल आगरा उत्तर प्रदेश को अरेस्ट किया गया है। आरोपी शेख मुखतार उमर, मोहम्मद अली और जुल्फीकार के खिलाफ उत्तर प्रदेश, दिल्ली और जयपुर में कई प्रकरण दर्ज है। तीनों आरोपियों पर 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित है। पुलिस टीम ने 500 से अधिक सीसीटीवी फुटेज को खंगालकर चारों बदमाशों को लखनऊ में दबिश देकर पकड़ा है। पूछताछ में आरोपियों ने पिछले 6 महीने में ट्रैक्सी से उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश से जयपुर आकर सीबीआई और पुलिस अफसर बनकर चैकिंग के बहाने व्यापारियों से 4 लूट की वारदात करना स्वीकार किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों से कई अहम खुलासे होने की संभावना है।

# पेट्रोल पंप पर छबील सेवा



**बेधड़क | जयपुर**

भारत पेट्रोलियम जयपुर टेरिटरी की ओर से शहर के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर आम जन को भीषण गर्मी से निजात दिलाने के लिए शीतल शरबत छबील सेवा का आयोजन किया। इस सेवा के माध्यम से लगभग 2000 लोगों को गर्मी से राहत पहुंचाने का प्रयत्न किया गया। कार्यक्रम का आयोजन टेरिटरी मैनेजर शेफाली सिंह की अगुवाई में किया गया।

मिलावट के खिलाफ अभियान

# 11,824 किलोग्राम से ज्यादा मिलावटी घी सीज

**बेधड़क | जयपुर**

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्तालय की ओर से मिलावट के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए 11 हजार 824 किलो मिलावटी घी सीज किया गया।

अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि धौलपुर में सीएमएचओ डॉ.जयंती लाल मीणा के द्वारा धौलपुर रीको औद्योगिक क्षेत्र में पालीवाल संस डेयरी प्राइवेट लिमिटेड से खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत 3 नमूने पालीवाल ब्रांड घी के लिए गए। साथ ही, संदेह के आधार पर 9 हजार 898 किलो घी भी सीज किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह भी कार्रवाई में शामिल रहे।

नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इसी प्रकार गंगापुर सिटी में 324 लीटर घी मारवाड़ की शान सरस फर्म बजाज एंटरप्राइजेज पर सीज कर तीन नमूने लिए गए। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह और वेद प्रकाश पूर्विया शामिल थे। भरतपुर में सीएमएचओ टीम ने मैसर्स सुमित ट्रेडिंग कंपनी में पालीवाल घी और गोधन डेरी का 1500 किलोग्राम घी सीज किया।



हिंगौनिया गोशाला का निरीक्षण

# गायों के ग्रीन शेड नेट के लिए सौम्या देंगी 5 लाख



**बेधड़क | जयपुर**

नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने शुक्रवार को हिंगोनिया गोशाला का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सुबह 8 बजे से 11 बजे तक करीब 3 घंटे से भी अधिक समय तक चले इस निरीक्षण में महापौर गायों के एक-एक बाड़े में गई। उन्होंने गायों के लिए बनाये गए 62 बाड़ों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने गायों को हरा चारा भी खिलाया। महापौर ने भीषण गर्मी को देखते हुए गायों के लिये ग्रीन शेड नेट स्वयं के खर्चे पर लगवाने के लिए 5 लाख रुपए देने की बात कही। महापौर ने आईसीयू वार्ड का भी निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के दौरान डॉ. हरेन्द्र, डॉ. राधेश्याम मीणा, उपायुक्त रजनी माधीवाल सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## जरूरी खबर

### पिकअप से 25 लाख का डोडा चूरा किया बरामद



**भीलवाड़ा।** जिले की गंगापुर थाना पुलिस ने शुक्रवार को एक पिकअप गाड़ी से 3 क्विंटल 40 किलो डोडा चूरा जब्त किया है। पुलिस के अनुसार इसकी कीमत 25 लाख रुपए है। गंगापुर थाना प्रभारी फूलचंद ने बताया कि पोटला कस्बे के मझावास रोड पर नाकाबंदी की जा रही थी। इसी दौरान रातलियास गांव की तरफ से एक पिकअप गाड़ी आती दिखाई दी। पुलिस ने उसे रुकवाया। इस बीच चालक पिकअप छोड़कर भाग गया। पिकअप से प्लास्टिक के कट्टों में भरा 340 किलोग्राम डोडा चूरा जब्त कर मामला दर्ज किया गया है।

### फ्लैट के AC में आग, धमाके से सहमे लोग

**चूरू।** तारानगर तहसील के साहवा कस्बे में तीन मंजिला इमारत की दूसरी मंजिल पर तेज धमाके के साथ आवासीय फ्लैट में एसी में विस्फोट हुआ और आग लग गई। तीन मंजिला इमारत में हुए तेज धमाके से एक बारगी आस-पड़ोस के लोग सहम उठे। पड़ोसियों ने दमकल को सूचना दी। इसके साथ ही स्वयं के स्तर पर स्थानीय संसाधनों से आग बुझाने में जुट गए। साहवा थानाधिकारी अल्का विश्नोई ने बताया कि तीन मंजिला इमारत में ऊपर जहां फ्लैट हैं। ग्राउंड फ्लोर पर बैंक और अन्य मार्केट है। थानाधिकारी अल्का विश्नोई ने बताया कि एसी में विस्फोट के बाद लगी आग से लाखों का सामान जल कर राख हो गया। हादसे में गनीमत ये रही कि कोई जनहानि नहीं हुई और एक बड़ा हादसा टल गया।

### दलित दुल्हों और बारातियों पर हमला, मामला दर्ज




**चाकसू।** शिवदासपुरा थाना क्षेत्र में दलित दूल्हों व बरातियों पर हमलाकर उनके साथ मारपीट का मामला दर्ज हुआ है। वहीं इस संबंध में दुल्हन पक्ष की रिपोर्ट पर कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार रेनवाल से दो दुल्हे बरात लेकर शिवदासपुरा थाना क्षेत्र के बराला गांव में आए हुए थे। इस दौरान गांव में पहुंचने पर बीच रास्ते में कुछ लोगों ने दुल्हे एवं बरातियों के साथ बुरा बर्ताव कर मारपीट कर डाली। लड़कियों के पिता रामकिशन बैरवा की रिपोर्ट पर पुलिस जांच कर रही है।

---

**केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में हुई वन्यजीव गणना में तेंदुआ भी आया नजर,** कई पक्षी वंश में हुई वृद्धि

# पहली बार घना में राजहंसों ने डाला डेरा, 3 गुना अधिक पहुंचे

बेधड़क | भरतपुर

केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान समिति पूरे जिले में शुक्रवार को वन्यजीव गणना पूरी हो गई। इस बार की वन्यजीव गणना में घना में तेंदुआ भी नजर आया।

इतना ही नहीं, घाना के अंदर वर्षों बाद बड़ी संख्या में राजहंस यानी फ्लेमिंगो नजर आए। साथ ही ये फ्लेमिंगो यहां पर करीब तीन माह से डेरा डाले हुए हैं।

वन्यजीव गणना में सारस, हाइना और जैकॉल का कुनबा भी बढ़ा है। हालांकि, अभी घना प्रशासन वन्यजीव गणना के आंकड़ों को संकलित करने में लगा हुआ है। संभवतः दो या तीन दिन में वन्यजीव गणना का सटीक आंकड़ा सामने आ जाएगा। घना के निदेशक मानस सिंह ने बताया कि वन्य जीव गणना के दौरान उद्यान में 61 फ्लेमिंगो (राजहंस) नजर आए हैं।

सामान्य तौर पर उद्यान में फरवरी या मार्च महीने में फ्लेमिंगो आते हैं और अप्रैल में यहां से उड़ान भर जाते हैं, लेकिन इस बार में के अंत तक फ्लेमिंगो रुके हुए हैं। इससे स्पष्ट है कि फ्लेमिंगो को इस बार उद्यान की आबोहवा और पर्याप्त भोजन की उपलब्धता रास आ रही है।



### छह माह से यहां तेंदुए का बसेरा

निदेशक मानस सिंह ने बताया कि इस बार की वन्यजीव गणना में तेंदुआ भी नजर आया है। घना की टीम को कोलाडेहर क्षेत्र में देखा गया है। यह तेंदुआ नवंबर 2023 से यहीं पर रुका हुआ है। हालांकि, घना में समय समय पर तुंदुआ का मूवमेंट देखा जाता है, लेकिन लगातार छह माह तक तेंदुआ का घना में रुकना बड़ी बात है।

### इन पक्षियों का बढ़ा कुनबा

निदेशक मानस सिंह ने बताया कि वन्यजीव गणना के आंकड़े अभी संकलित किए जा रहे हैं, लेकिन यह बात निश्चित है कि घना में हाइना, जैकॉल का कुनबा बढ़ा है। साथ घना में 14 सारस अतिरिक्त नजर आए हैं। यानी सारस गणना के समय घना में 15 सारस देखे गए थे, जबकि अब इनकी संख्या 29 ही गई है। यानी अन्य क्षेत्रों से सारस यहां पहुंचे हैं।

### गणना में तैनात रहे 100 कर्मचारी

गौरतलब है कि केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में 23 मई से 24 मई सुबह 8 बजे तक वन्यजीव गणना की गई थी। इस बार घना में वन्यजीव गणना के लिए 25 पॉइंट बनाए गए, जिन पर कुल 100 कर्मचारी तैनात किए गए थे, साथ ही पहली बार 100 ट्रैप कैमरे भी इस्तेमाल किए गए।

---

**प्रदेश को मिलेगी 330 मेगावाट बिजली,** पहले इन जिलों में सप्लाई

# राहत: कंबाइंड साइकिल पावर प्लांट की तीन इकाइयां शुरू

■ लंबे समय से बंद पड़े प्लांट को सरकार के निर्देश पर मिली संजीवनी

बेधड़क | धौलपुर

राजस्थान प्रदेश के लिए भीषण गर्मी में राहत की खबर आई है। धौलपुर में लंबे समय से बंद पड़ा कंबाइंड साइकिल पावर प्लांट राज्य सरकार के निर्देश पर शुरू हो गया है। इससे प्रदेश को 330 मेगावाट बिजली दी जाएगी। प्लांट के चीफ इंजीनियर सोन सिंह मीणा ने बताया कि धौलपुर का कंबाइंड साइकिल पावर प्लांट विगत लंबे समय से बंद पड़ा था। राज्य सरकार के निर्देश पर पावर प्लांट की तीन इकाइयां बुधवार से शुरू की गई है। इससे 330 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जा रहा है। शुरुआत में विद्युत सप्लाई भरतपुर, करौली और हिंडौन को दी जा रही है। सरकार के निर्देश में बिजली सप्लाई को आगे भी बढ़ाया जाएगा। धौलपुर के पावर प्लांट के शुरू होने से निश्चित तौर पर प्रदेश वासियों को बिजली की समस्या से निजात मिलेगी।



### पावर प्लांट का खर्चा ज्यादा

चीफ इंजीनियर सोन सिंह मीणा ने बताया कि धौलपुर कंबाइंड साइकिल पावर प्लांट गैस से संचालित होता है। ऐसे में इसका खर्चा सरकार अधिक वहन करती है। बिजली उत्पादन के हिसाब से 12।50 रुपए प्रति यूनिट बिजली का खर्च किया जाता है।

### भरतपुर संभाग से सप्लाई होगी शुरू

चीफ इंजीनियर मीणा ने बताया कि कंबाइंड साइकिल पावर प्लांट से शुरुआत में टेस्टिंग कर भरतपुर संभाग को बिजली दी जा रही है। धौलपुर, भरतपुर, करौली और हिंडौन को विद्युत आपूर्ति सुचारू तरीके से शुरू कर दी गई है। बाद में राजस्थान के अन्य जिलों में भी आपूर्ति दी जाएगी। चीफ इंजीनियर मीणा ने बताया कि जिस प्रकार खपत बढ़ेगी, उसी के मुताबिक बिजली की आपूर्ति दी जाएगी।

### ट्रिपिंग, फॉल्ट एवं वोल्टेज से मिलेगी मुक्ति

बिजली का उत्पादन कम एवं खपत अधिक होने की वजह से धौलपुर जिले में बिजली के लिए त्राहिमाम मची हुई थी। राज्य सरकार की पहल पर पावर प्लांट की शुरुआत होने से धौलपुर जिले के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। इसके अलावा बिजली ट्रिपिंग, फॉल्ट एवं कम वोल्टेज से लोगों को छुटकारा मिलेगा। बिजली के कम वोल्टेज होने की वजह से विगत 15 दिन से धौलपुर जिले में इलेक्ट्रिक उपकरण फुंकने से लोगों का भारी नुकसान भी हुआ है।

---

**मारपीट की FIR दर्ज होने पर बोले जाटव**

# यह मेरे खिलाफ षड्यंत्र..., अवैध शराब बिक्री के खिलाफ उठाई थी आवाज

बेधड़क | धौलपुर



बसेड़ी विधायक संजय कुमार जाटव के खिलाफ शराब दुकान के सेल्समैन ने लूट एवं मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। इस पर विधायक ने आरोपों का खंडन करते हुए थाना प्रभारी एवं शराब माफिया पर षडयंत्रपूर्वक मामला दर्ज करने के आरोप लगाए हैं। विधायक संजय जाटव ने कहा कि मैं दिल्ली गया हुआ था। लौटने पर मुझे घटना का पता चला।

उन्होंने कहा कि सरमथुरा कस्बे में सिर्फ दो दुकान शराब बिक्री के लिए वैध है, लेकिन क्षेत्र के गांव-गांव में अवैध तरीके से शराब का व्यापार चल रहा है। क्षेत्रीय विधायक होने के नाते मैंने इन समस्याओं को उठाया है। इसके अलावा थाना प्रभारी को भी समय-समय पर अवैध शराबबंदी के बारे में अवगत कराया है। थाना प्रभारी अवैध खनन के नाम पर लूट कर रहा है।

थाना प्रभारी ने केस भी बनाए हैं। थाने के हर बीट के अंदर शराब की दुकान खुली हुई है। अवैध शराब विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है। मुकदमा दर्ज किए जाने को लेकर विधायक जाटव ने कहा कि मीडिया के माध्यम से मुझे मालूम हुआ है कि मेरे खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। उन्होंने कहा कि शराब माफिया और स्थानीय थाना प्रभारी ने षडयंत्रपूर्वक एफआईआर दर्ज की है। अभी तक एफआईआर की कॉपी मुझे मिली नहीं है। मुझे नहीं मालूम मेरे खिलाफ मामला किसने दर्ज कराया है।

### यह है मामला

शराब विक्रेता सचिन शर्मा पुत्र बृजेश कुमार शर्मा के साथ 22 मई 2024 की रात्रि को करौली बस स्टैंड के पास मारपीट हुई थी। उसके सिर एवं हाथ पैरों में बेहद गंभीर चोटें आई हैं। घायल शराब विक्रेता सचिन शर्मा ने कांग्रेस विधायक संजय जाटव समेत करीब आधा दर्जन लोगों के खिलाफ 1.90 लाख रुपये की लूट एवं मारपीट का आरोप लगाया है।

---

**भीषण गर्मी के बावजूद आंगनबाड़ी में** छुट्टियां घोषित नहीं

# मासूम झेल रहे अनदेखी का सितम

बेधड़क | चाकसू

इन दिनों सूर्य देवता की सीधी किरणों से जंहा तापमान इन दिनों 45 डिग्री पहुंच गया है। वही सरकार ने इस भीषण गर्मी के बचाव से सरकारी स्कूलों की छुट्टियों कर दी है। वहीं सफ़ाई कर्मचारियों की ड्यूटी दोपहर की जगह सुबह कर दी है।

वहीं बोझ ढोने वाले जानवरों के कार्य पर दोपहर में रोक लगा दी है, लेकिन आंगनबाड़ी केंद्रों पर मासूम बालकों की छुट्टियों को करना भूल गई है। इस सम्बंध चाकसू आंगनबाड़ी यूनियन अध्यक्ष रचना शर्मा ने बताया कि उनकी यूनियन प्रदेश व जिला स्तर पर आंगनबाड़ी केंद्रों पर छुट्टी के लिए शासन से लेकर प्रशासन को ज्ञापन पूर्व दिए जा चुके है, लेकिन अभी तक छुट्टी के कोई आदेश नही हुए है।



हालांकि आंगनबाड़ी केंद्रों पर कार्यरत कर्मियों की ओर से गर्मी से बचाव के अपने स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। गौरतलब है कि चाकसू में अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्रों के अपने निजी भवन नही होकर ज्यादातर किराए पर चल रहे है। जिनमे कई केंद्रों पर बिजली, पानी व छाया की पर्याप्त व्यवस्था नही है।

जिन पर अन्य मौसम में तो कैसे ना कैसे काम चल जाता है। लेकिन गर्मियों में छोटे छोटे मासूम बच्चो की इस भीषण गर्मी में बड़ी दयनीय हालत हो रही है।

---

**पास खड़े दूसरे ट्रक को भी लिया चपेट में, चालक ने दिखाई तत्परता**

# गर्मी से भभका केमिकल के दानों से भरा ट्रक

बेधड़क | टोंक

जिले के निवाई क्षेत्र में बरथल तिराहे पर खड़े एक केमिकल के दानों से भरे ट्रक में अचानक आग लग गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से पूरा ट्रक जलकर खाक हो गया।



बरथल तिराहे पर खड़े केमिकल से भरे ट्रक में दोपहर को अचानक आग लग गई। आग ने पास ही खड़े दूसरे ट्रक को भी अपनी चपेट में ले लिया। दूसरे ट्रक के चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए ट्रक को आगे ले जाकर आग बुझाई। आग की सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में ट्रक जलकर राख हो गया। राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर ढाबे के बाहर प्लास्टिक के बारीक दानों से भरे खड़े ट्रक में आग लग गई। आग ने एक अन्य ट्रक को भी चपेट में ले लिया लेकिन समय रहते दूसरे ट्रक के चालक ने ट्रक को आगे ले जाकर ढाबे पर लगी पानी की मोटर चलाकर आग बुझाई, जबकि दूसरे ट्रक में भीषण आग लग गई। आग के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग के ट्रैफिक को डायवर्ट किया गया। सूचना पर बरौनी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रैफिक को सुचारू करवाया। ट्रक ड्राइवर मोहम्मद हनीफ ने बताया कि ट्रक मुंबई से दिल्ली जा रहा था, ट्रक में बारीक प्लास्टिक के दाने थे। हालांकि गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई।

---

**जलदाय अधिकारियों को भी झेलना पड़ा विरोध**

# बोरिंग से पानी लेने के विवाद पर दो वार्डों के लोग हुए आमने-सामने

■ पुलिस ने की दोनों पक्षों की समझाइश, तब शांत हुआ मामला

बेधड़क | अलवर

शहर में बढ़ती पेयजल समस्या एक बड़ा मुद्दा है। जलसंकट के चलते आए दिन लोग शहर में जाम लगाते दिखाई देते हैं, लेकिन शुक्रवार को पानी नहीं मिलने के चलते दो वार्डों के लोग आमने-सामने हो गए। वहां पहुंचे जलदाय विभाग के कर्मचारियों को भी विरोध का सामना करना पड़ा।

मामले को बढ़ता देख स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों की समझाइश करके मामले को शांत कराया। जलदाय विभाग के सहायक अभियंता सौरभ शर्मा ने बताया कि बोरिंग को लेकर अलवर शहर के वार्ड नंबर 29 व वार्ड नंबर 30 के लोगों के बीच में झगड़ा हुआ है। सौरभ ने बताया कि वार्ड नंबर 30 में इस बोरिंग का पानी जाता है। इस पर गुरुवार रात वार्ड नंबर 29 के लोगों ने बोरिंग के स्टार्टर और पैनल चोरी करके ले गए। केबल काट दी गई, जिससे कि वार्ड नंबर 30 में भी पानी ना मिले। इसकी सूचना विभाग को दी गई। हमने एफआईआर दर्ज कराई है। सौरभ ने बताया कि विभाग के कर्मचारी शुक्रवार को नए पैनल लगाने आए, लेकिन इसका भी विरोध वार्ड वासियों ने किया। इसके चलते अराजकता का माहौल हो गया और पुलिस बुलानी पड़ी।



### बोरिंग में पानी नहीं

सौरभ शर्मा ने बताया कि दूसरे वार्ड के लिए अभी इसकी लाइन कनेक्ट नहीं है तो पानी जाने का सवाल नहीं है। इसका लाइन से मिलान होगा तब पानी जाने की संभावना है। हालांकि बोरिंग में इतना पानी भी नहीं कि इसे दोनों वार्डों में दिया जाए। दोनों वार्ड वासियों को यह समझना चाहिए कि इसका समाधान बातचीत से है ना कि विवाद से।

### लगा बोरिंग, फिर भी पानी नहीं

शहर के वार्ड नंबर 29 की निवासी मीना सैनी ने बताया कि हमारे वार्ड में लोग कई दिन से पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। यह बोरिंग हमारे ही वार्ड में लगा है, लेकिन फिर भी हमें इससे पानी नहीं मिल रहा। अभी हम हर सातवें दिन टैंकर डलवाते हैं। अब टैंकरों से कब तक काम चलाएं। हम इस बोरिंग से पानी मांग रहे हैं तो वार्ड 30 के लोग झगड़े पर उतारु हो रहे हैं।

### 30 घरों में भी सप्लाई नहीं हो रहा पानी

वार्ड नंबर 30 के निवासी मुकेश ने बताया कि पहले यह वार्ड 31 हुआ करता था। वर्तमान में यह वार्ड नंबर 30 का बोरिंग है। वार्ड नंबर 30 के लोग करीब 30 सालों से पानी के लिए परेशान रहे हैं। अधिकारियों से कहकर पुरानी जगह से बोरिंग को नई जगह पर करवाया गया। पानी की इतनी समस्या है कि इस बोरिंग से पानी वार्ड 30 के सभी घरों को ही नहीं मिल पाता। इसलिए पानी की समस्या है। यहां से पूरा पानी हमारे वार्ड को ही नहीं मिल पा रहा तो आगे के वार्ड 29 में कैसे जाएगा, लेकिन रात के समय में वार्ड 29 के लोगों ने इसके पैनल चोरी कर लिए, जिसका विरोध किया गया।

## पीटीआई भर्ती 2022: क्या जांच करने वालों पर भी आएगी कार्रवाई की आंच!

# कई स्तरों पर किया गया दस्तावेजों का सत्यापन... फिर कैसे हुआ फर्जीवाड़ा!

■ पहले ही फर्जीवाड़ा करने वालों को क्यों नहीं रोक पाए जांच अधिकारी! ■ अब बोर्ड गलत तरीके से डिग्री लेने वालों पर कार्रवाई की तैयारी में

कुणाल भटनागर | बेधड़क

**जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा पूर्व में आयोजित विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में बड़े स्तर पर फर्जीवाड़े का खुलासा हो रहा है। सबसे ज्यादा डिग्रियों को लेकर फर्जीवाड़ा सामने आ रहा है। अब बोर्ड ऐसे अभ्यर्थियों पर कार्रवाई करने की तैयारी में है, जिन्होंने गलत तरीके से डिग्री ली है। इस बीच कई बड़े सवाल अब बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षाओं के बाद दस्तावेज सत्यापन को लेकर उठ रहे है, क्योंकि पीटीआई भर्ती 2022 में कई ऐसे अभ्यर्थियों के चयन की सूचना 'सच बेधड़क' के पास है, जिनकी योग्यता बोर्ड द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार नहीं थी, इसके बाद भी दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया के दौरान ऐसे अभ्यर्थियों को बाहर करने की बजाय सरकारी नौकरी दे दी गई।



### जवाब मांगते कई सवाल...

- दस्तावेज सत्यापन करने वाली टीम क्या अपना काम ठीक से नहीं कर पाई?
- नोटिफिकेशन के निर्धारित नियमों की अनदेखी क्यों की गई?
- फार्म भरते समय डिग्री प्राप्त करने की तारीख के स्थान पर एनए (NA) लिख कर दस्तावेज सत्यापन के दौरान बैक डेट में डिग्री प्राप्त करने की तारीख अंकित करने वाले अभ्यर्थियों की अधिकारियों ने क्या जवाबदेही तय की?
- डमी कैंडिडेट जब स्क्रूटनी फार्म भरवाने गया तो दोनों व्यक्तियों के फोटो अलग पाए गए। क्या जांच करने वाले अधिकारियों को इसमें बिल्कुल भी अंतर नहीं लगा? बाद में बोर्ड द्वारा ही ऐसे अभ्यर्थियों पर डमी के शक में एफआईआर करवाई गई।
- क्या यह केवल जांच करने वाले अधिकारियों की मानवीय भूल है या जानबूझ कर किया गया घपला?
- क्या उन तमाम जिम्मदारों से जवाब मांगा जाएगा, जो इस दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया में शामिल हुए थे?




### तीन मामलों से समझे कि जांच में कैसे की गई लापरवाही

#### 25 सितंबर के बाद नतीजा फिर भी सरकारी नौकरी में चयन...

पीटीआई भर्ती 2022 के नोटिफिकेशन में बोर्ड द्वारा बाकायदा लिखा गया था कि इस भर्ती के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के अंतिम वर्ष में सम्मिलित होने वाले हैं या सम्मिलित हो रहे अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे, परंतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता इस भर्ती की परीक्षा तिथि से पूर्व अर्जित करनी अनिवार्य होगी। अन्यथा परीक्षा के बाद शैक्षणिक योग्यता अर्जित करने वाले अभ्यर्थियों को इस भर्ती में पात्र नहीं माना जायेगा। इस भर्ती परीक्षा का आयोजन 25 सितंबर को किया गया था, लेकिन इस भर्ती प्रक्रिया में उन अभ्यर्थियों का भी चयन कर लिया गया, जिन्होंने इस भर्ती की परीक्षा के बाद डिग्री ग्रहण की है, जो कि बोर्ड के नोटिफिकेशन के अनुसार गलत है।

#### डिग्री और डिप्लोमा फर्जी, उनको भी नौकरी...

इस भर्ती प्रक्रिया में बड़े स्तर पर ऐसे अभ्यर्थियों के चयन होने की सूचना है, जिनके पास एनसीटीई से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की डिग्री नहीं है। 'सच बेधड़क' के पास एनसीटीई को कुछ विश्वविद्यालय को लेकर भेजी गई आरटीआई है। आखिरी ऐसे अभ्यर्थियों को पहले ही क्यों भर्ती प्रक्रिया से बाहर नहीं किया गया। फर्जी डिग्री में चयनित होने से अभ्यर्थियों को रोका जा सकता था, किंतु दस्तावेज सत्यापन में चूक के कारण आज ऐसे कई अभ्यर्थी सरकारी नौकरी में मलाई काट रहे हैं।

#### डमी को नहीं पहचान पाए, बाद में करवाई एफआईआर...

पीटीआई भर्ती में डमी कैंडिडेट का मामला भी काफी गरमाया है। पेपर देने वाला शख्स और नौकरी करने वाले शख्स दोनों अलग होने का बड़ा अंदेशा है। इस बीच सवाल खड़ा होता है कि आखिरी ऑनलाइन फार्म भरते समय जिस व्यक्ति ने अपने स्थान पर दूसरे व्यक्ति को परीक्षा में बैठाया, ऐसे अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के दौरान ही क्यों नहीं पकड़ा गया? सत्यापन के दौरान इतनी बड़ी लापरवाही करने वालों के खिलाफ क्या एक्शन नहीं होना चाहिए?

## SKIT में मैथमेटिक्स इन मॉडलिंग एंड ऑप्टिमाइजेशन टेक्निक वर्कशॉप संपन्न



बेधड़क | जयपुर

स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एवं ग्रामोथान, जयपुर में एप्लीकेशंस ऑफ मैथमेटिक्स इन मॉडलिंग एंड ऑप्टिमाइजेशन टेक्निक विषय पर दो दिवसीय विद्यार्थी कार्यशाला का संपन्न हुई। कार्यशाला में आज दो सत्र हुए। प्रथम सत्र में बिट्स पिलानी के गणित विभाग के प्रोफेसर शिवी अग्रवाल ने डेटा एनवेलपएंट एनालिसिस की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि डी ई ए की सहायता से अपनी निर्णय क्षमता को किस प्रकार बढ़ाया जा सकता है। द्वितीय सत्र में प्रोफेसर त्रिलोक माथुर ने समझाया कि न्यूरल नेटवर्क से संबंधित समस्याओं में किस प्रकार एक मैथमेटिकल मॉडल बनाकर समाधान प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. विजय कुमार सिंघल व डॉ. सुमित गुप्ता हैं। सुरभि शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

### जनकपुरी में चल रहे संस्कार शिविर में मिल रहा धार्मिक ज्ञान

## श्रमण संस्कार शिविरों के माध्यम से संस्कारों का हो रहा बीजारोपण: संजय

■ आचार्य शशांक सागर का विद्यार्थियों को मिल रहा आशीर्वाद

बेधड़क | जयपुर

जनकपुरी ज्योति नगर जैन मंदिर जयपुर में श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के अंतर्गत संचालित संत श्री सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित हो रहे श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का अवलोकन धर्म जागृति संस्थान के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री संजय जैन बड़जात्या कॉमा ने कर व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि श्रमण संस्कार शिविरों के माध्यम से संस्कारों का बीजारोपण हो रहा है। जिसकी वर्तमान में नितांत आवश्यकता है। जनकपुरी जैन समाज अति सक्रियता के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रही है। मन्दिर समिति के अध्यक्ष पदमचंद जैन बिलाला के अनुसार शिविर में आचार्य शशांक सागर महाराज का सानिध्य भी प्राप्त हो रहा है तो वही समाज के बच्चे, युवा, बुजुर्ग व महिलाएं लाभान्वित भी हो रही हैं। शुक्रवार को शिविर में दीप प्रज्वलन स्वाध्याय प्रेमी अशोक कुमार अंजू बाकलीवाल परिवार कान्ति ऑफसेट वालों द्वारा किया गया। शिविर संयोजक सुरेश शाह व राजेन्द्र ठोलिया के अनुसार शिविर में पांच आध्यात्मिक कक्षाएं विधिवत रूप से संचालित हो रही हैं तो लगभग 125 संभागी शिविर में भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर मंदिर समिति के पदाधिकारियों के साथ संयुक्त मंत्री सुनील सेठी, मिश्रीलाल काला, जेके जैन, शुभम, अनिकेत, चन्द्र मणि, आशा पाटनी, अल्पी काला, धर्म जागृति संस्थान संरक्षक ज्ञानचंद जैन आदि ने सभी का भावभीना स्वागत व अभिनंदन किया।



#### धर्म ध्वजा थामने के लिए युवा रहें तैयार: आचार्य

इस अवसर पर आचार्य शशांक सागर महाराज ने कहा कि युवाओं को हर समय धर्म की ध्वजा थामने के लिए तैयार रहना चाहिए। वर्तमान युग युवाओं का युग है उन्हें बुजुर्गों के होश से स्वयं के जोश को मिलाकर धर्म और धार्मिक क्रियाओं में अग्रसर रहना चाहिए।

### "परिंडा लगाओ, पक्षी बचाओ" अभियान

## निर्वाण विवि के स्टूडेंट्स ने पक्षियों के लिए बांधे परिंडे




बेधड़क | जयपुर

निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर में शुक्रवार को भीषण गर्मी और धूप में पक्षियों के संरक्षण के लिए विश्वविद्यालय परिसर में एनएसएस सेल द्वारा "परिंडा लगाओ, पक्षी बचाओ" अभियान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पक्षी संरक्षण, जैव विविधता का महत्व और प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर निर्वाण विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. एसएल सिहाग ने कहा कि पर्यावरण संतुलन और भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए परिसर में परिंडे बांधना एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे बेजुबान पक्षियों को गर्मी से राहत मिलेगी। सीईओ एंड वाइस चेयरमैन डॉ. आर. के. अरोड़ा ने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए यह एक सरहनीय पहल है, इससे पर्यावरण के प्रति भी जागरूकता बढ़ेगी। निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर आगरा हाईवे पर अरावली कि पहाड़ियों के बीच स्थित हरा भरा आवासीय विश्वविद्यालय है जहां स्कूल ऑफ एग्रिकल्चर द्वारा नीम के पेड़ों की पूरी श्रृंखला लगाई हुई है। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार के छायादार पेड़ लगाए गए हैं।



## सुबोध महिला महाविद्यालय में बौद्धिक संपदा संरक्षण पर वार्ता

**जयपुर।** रामबाग स्थित सुबोध महिला महाविद्यालय में इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल के बैनर तले तथा इंडियन सोसाइटी ऑफ केमिस्ट एंड बायोलॉजिस्ट राजस्थान चैप्टर, सोसाइटी ऑफ मटेरियल केमिस्ट्री जयपुर चैप्टर तथा केमिकल रिसर्च सोसाइटी ऑफ इंडिया राजस्थान चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) जागरूकता अभियान की श्रृंखला में एक विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन हुआ। इसमें बौद्धिक संपदा अधिकार के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुए इस कार्यक्रम में डॉक्टर जितेंद्र शर्मा सहायक नियंत्रक पेटेंट एवं डिजाइन भारत सरकार द्वारा ट्रेडमार्क, संरक्षण के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम की संयोजिकाओं डॉ. मंजू बाघमार, डॉ. सुदेश चौधरी एवं डॉ. याचना जैन ने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

**समझौता** | आईआईआईएम और सेलेबल टेक्नोलॉजी के बीच एमओयू

## सेलेबल और संस्थान के बीच होगा मददगार

■ विश्व स्तरीय अनुभव प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

बेधड़क | जयपुर

आईआईआईएम, मानसरोवर जयपुर ने सेलेबल टेक्नोलॉजी के साथ मिलकर संस्थान परिसर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की है। उद्घाटन सेलेबल टेक्नोलॉजी के सार्थक आचार्य व संस्थान के चेयरपर्सन डॉ. अशोक गुप्ता ने किया। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का मकसद नवाचारी शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देना है। यह केंद्र सेलेबल और शैक्षणिक संस्थान के बीच के अंतर को कम करने का प्रयास करेगा, जिससे छात्रों को उद्यम से डिजाइन किए गए पाठ्यक्रम और मेंटरशिप वर्कशॉप के माध्यम से तकनीकी ज्ञान प्राप्त हो सके। आईआईआईएम और सेलेबल टेक्नोलॉजी के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत दोनों संस्थान मिलकर शिक्षा और उद्योग के बीच तालमेल स्थापित करने के लिए काम करेंगे। यह साझेदारी, छात्रों और शिक्षकों को नवीनतम तकनीकी सुविधाओं और प्रशिक्षण के माध्यम से विश्व स्तरीय अनुभव प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



#### छात्रों को उद्योग के लिए तैयार करेंगे-

अंत में सेलेबल टेक्नोलॉजी के सार्थक आचार्य ने एक ज्ञानवर्धक सत्र में आधुनिक तकनीकों और उद्योग की वर्तमान आवश्यकताओं के बारे में जानकारी दी। यह सेंटर ऑफ एक्सीलेंस उद्योग से डिजाइन किए गए पाठ्यक्रम और मेंटरशिप वर्कशॉप के माध्यम से अत्याधुनिक तकनीकी क्षेत्रों में विश्व स्तरीय अनुभव प्रदान करेगा। इस पहल का मकसद छात्रों को उद्योग के लिए तैयार करेगा और उन्हें नवीनतम तकनीकी ज्ञान से सुसज्जित करना है ताकि यह वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सके।

## न्यू भारत कप: सिगनेचर और जीआर जीते

**जयपुर।** यहां खेले जा रहे न्यू भारत कप में शुक्रवार को सिगनेचर एकेडमी ने जयपुरिया एकेडमी को 20 रन से हराया। टॉस जीत पहले बैटिंग करते हुए सिगनेचर एकेडमी ने निर्धारित ओवर में 200 रन बनाए। जवाब में जयपुर एकेडमी 180 रन ही बना सकी।

दूसरे मैच में जीआर एकेडमी ने राजीव गांधी एकेडमी को हराया। टॉस जीत पहले खेलते हुए राजीव गांधी एकेडमी ने 185 रन बनाए। जीआर एकेडमी ने यह लक्ष्य हासिल कर मैच जीत लिया।

# सभी गुणों से संपन्न अभिनेता थे सुनील दत्त


मुकेश पोपली
स्वतंत्र टिप्पणीकार

6 जून 1929 को नक्का खुर्द, जिला झेलम, पंजाब (अब पाकिस्तान) में जन्मे बलराज दत्त रेडियो सीलोन पर 'लिप्टन की महफ़िल' कार्यक्रम प्रस्तुत किया करते थे जो उनकी आवाज और प्रस्तुति के निराले ढंग के कारण श्रोताओं को बेहद भाता था। खूबसूरत शक्ल-ओ-सूरत, चेहरे पर बदलते रंग और फिर रेडियो सीलोन पर जो उद्घोषक रहा हो तो उसकी आवाज भी असरदार होगी, यह कोई पहेली नहीं है बल्कि सच है क्योंकि उस सर्वगुण संपन्न कलाकार और खूबसूरत शख्सियत का नाम है सुनील दत्त। 'किस्मत का खेल' ऐसा चला कि सुनील दत्त को 'मदर इंडिया' ने भारतीय सिनेजगत में न केवल स्थापित कर दिया बल्कि उनके सरल व्यक्तित्त्व, सहयोगी भावना और साथी कलाकारों के प्रति उनकी सदाशयता को सबने सलाम किया। नर्गिस जैसी महान अभिनेत्री ने तो उससे विवाह भी कर लिया क्योंकि सैट पर लगी आग नकली नहीं बल्कि असली थी और सुनील दत्त उन्हें अपनी जान की परवाह किए बिना धधकती आग में से निकाल लाए थे।

निर्देशक रमेश सहगल उनसे बेहद प्रभावित हुये और 'रेलवे प्लेटफॉर्म' (1955) के लिए उन्हें नायक के रूप में चुन लिया। बलराज दत्त सुनील दत्त हो गए।

'रेलवे प्लेटफॉर्म' ने बड़े परदे पर वांछित सफलता प्राप्त की। 1955 में ही सोहराब मोदी जैसे महान निर्देशक ने उन्हें 'कुंदन' के लिए चुना जिसकी पटकथा और संवाद पंडित सुदर्शन जैसे महान लेखक की कलम से निकले। 'मदर इंडिया' (1957) भारतीय फिल्मों की सबसे चर्चित दस फिल्मों में से एक है। राज कुमार, नर्गिस, राजेंद्र कुमार, कन्हैयालाल, कुमकुम, मुकरी को लेकर 'मदर इंडिया' महबूब खान द्वारा वर्ष 1940 में बनाई गई 'औरत' का ही स्वतंत्र भारत की नारी के बदलते स्वरूप का प्रतीक थी। सुनील दत्त ने इस फिल्म में एक बिगड़े लड़के बिरजू का पात्र निभाया जो शुरू से ही सुखीलाला

**25 मई पुण्यतिथि पर विशेष**



> *सुनील दत्त ने स्वयं भी कुछ फिल्मों का निर्माण किया, जिनमें 'मुझे जीने दो' (1963) फिल्म को चंबल घाटी में डाकुओं के बीच बनाया गया और इसका निर्देशन मोनी भटचर्जी ने किया। इस फिल्म के लिए सुनील दत्त को फिल्मफेयर अकादमी की ओर से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का सम्मान प्रदान किया गया। फिल्म 'यादें' (1964) का निर्माण और निर्देशन स्वयं सुनील दत्त ने किया।*

(कन्हैया लाल) से खार खाए रहता है, क्योंकि वह उसकी मां राधा को तंग करता रहता है। बिरजू आखिरकार सुखीलाला को एक दिन मार देता है और उसकी बेटी को उठा ले जाता है। अपने वचन की पक्की राधा बिरजू को गोली मार देती है और वह मर जाता है।

'मदर इंडिया' के बाद सिनेदर्शकों को सुनील दत्त में एक बेहतरीन कलाकार नजर आने लगा और उनकी फिल्मों की प्रतीक्षा की जाने लगी। बलदेव राज चोपड़ा ने सुनील दत्त को लेकर 1958 में 'साधना' बनाई और यह एक सफल फिल्म रही। जिसमें उनकी नायिका वैजयंतीमाला थी। यह फिल्म सुनील दत्त के आसपास ही घूमती है और उनकी अभिनय प्रतिभा मुखरित होकर सामने आई। बलदेव राज चोपड़ा तो सुनील दत्त के दीवाने ही हो गए और 1962 में उन्होंने आम विषयों से हटकर 'गुमराह' जैसी फिल्म बनाई। इस फिल्म की आलोचना भी खूब हुई लेकिन बलदेव राज चोपड़ा ने हिम्मत नहीं हारी। बी आर चोपड़ा ने निर्माता के रूप में और उनके छोटे भाई यश चोपड़ा ने निर्देशक के रूप में जब 'वक़्त' (1965) बनाई तब इस फिल्म में अनेक कलाकारों के साथ सुनील दत्त को भी शामिल किया गया। 'वक़्त' अपने समय की बड़ी हिट फिल्म रही। 1967 में ही बलदेव राज चोपड़ा ने जब 'हमराज' बनाई तो उसमें भी सुनील दत्त को लिया गया। चोपड़ा कैंप में ही यश चोपड़ा ने 'फासले' (1985) और 1993 में 'परंपरा' और रवि चोपड़ा ने 'प्रतिज्ञाबद्ध' (1991) में सुनील दत्त को लिया।

केवल बलदेव राज चोपड़ा ही नहीं, बिमल रॉय जैसे महान निर्देशक ने 1959 में सुनील दत्त को 'सुजाता' में नायक बनाया और नायिका थी नूतन। यह फिल्म अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सराही गई। 1960 में बिमल रॉय ने उन्हें 'उसने कहा था' में अवसर प्रदान किया जिसे चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी' की कहानी पर मोनी भटचर्जी ने निर्देशित किया। सुनील दत्त के अभिनय प्रतिभा के कायल शक्ति सामंत भी रहे, जिन्होंने 1959 में ही उन्हें लेकर 'इंसान जाग उठा' बनाई। राज खोसला भी सुनील दत्त के प्रशंसक थे और सुनील दत्त ने उनकी 'मेरा साया' (1966) में शानदार अभिनय किया। इसके बाद उन्होंने सुनील दत्त को लेकर 'चिराग' (1969) जैसी शानदार फिल्म का निर्देशन किया। उनकी फिल्म 'नेहले पर देहला' (1976) में भी सुनील दत्त नायक थे। भीम सिंह ऐसे निर्देशक थे जिन्होंने सुनील दत्त के साथ 'मैं चुप रहूंगी' (1962), 'खानदान' (1965), 'मेहरबान' (1967), 'साधु और शैतान', 'गौरी' (1968), 'भाई बहन' (1969) जैसी फिल्में बनाई। इसी क्रम में राजकुमार कोहली ने 'नागिन' (1976) में उन्हें महत्त्वपूर्ण भूमिका प्रदान की तो साथ ही 'जानी दुश्मन' और 'मुकाबला' (1979) में भी उनसे शानदार काम लिया। इसके साथ ही राजकुमार कोहली की 'बदले की आग' (1982), 'राज तिलक' (1984) और 'विरोधी' (1992) में भी सुनील दत्त की उपस्थिति रही।

1982 में 'दर्द का रिश्ता' सुनील दत्त ने अपनी पत्नी नर्गिस को समर्पित की जिसके निर्माण एवं निर्देशन के साथ ही डॉ. की भूमिका भी निभाई। इस फिल्म से अर्जित सारी राशि कैंसर मरीजों के लिए सौंप दी गई।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

---


**जन संस्कृति और इप्टा का 81वां स्थापना दिवस आज**

# इप्टा का इंकलाबी इतिहास और उत्तरदायित्व


ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> *अंग्रेजी हुकूमत के साथ-साथ संकीर्णतावादियों ने भी इप्टा के नाटकों का विरोध किया। नाटक खेलने में कई तरह की अड़चनें पैदा कीं। नाटक करने की वजह से कुछ साथियों को जेल हुई, तो कुछ मारे भी गए। बावजूद इसके इप्टा नाट्यकर्म करती रही। अपने उद्देश्यों से जरा सा भी नहीं भटकी। देश की आजादी को एक लंबा अरसा गुजर गया, लेकिन इप्टा आज भी अपने महान उद्देश्यों पर कायम है।*

लेखक और कलाकार आओ, अभिनेता और नाटककार आओ, हाथ से और दिमाग से काम करने वाले आओ और स्वयं को आजादी और सामाजिक न्याय की नई दुनिया के निर्माण के लिये समर्पित कर दो। 25 मई, 1943 को मुंबई के मारवाड़ी हाल में प्रो. हीरेन मुखर्जी ने इंडियन पीपुल्स थियेटर एसोसिएशन यानी इप्टा की स्थापना के अवसर पर इस आयोजन की अध्यक्षता करते हुए, जब संस्कृतिकर्मियों और कलाकारों से ये क्रांतिकारी आह्वान किया था, तब उन्होंने भी यह नहीं सोचा होगा कि इप्टा आगे चलकर देश में एक ऐसा सांस्कृतिक पुनर्जागरण करेगा, जिससे ना सिर्फ कला और संस्कृति में नए आयाम जुड़ेंगे, बल्कि ये सांस्कृतिक आंदोलन बड़े पैमाने पर अवाम को आजादी के लिए बेदार करेगा। ये वक्त का तकाजा था या फिर इप्टा का करिश्मा, देश की सभी ललित कलाओं काव्य, नाटक, गीत, पारंपरिक नाट्यरूप आदि से जुड़े हुए हजारों लेखक, कलाकार, संस्कृतिकर्मी और बुद्धिजीवी इसकी ओर खिंचे चले आए और कारवां बनता चला गया। यह वह जमाना था जब नाटक, गीत-संगीत, नृत्य, चित्रकला, लेखन, फिल्म से जुड़ा शायद ही कोई ऐसा शख्स होगा, जो इप्टा से न जुड़ा हुआ हो और जिसे इस संगठन ने अपनी ओर आकर्षित न किया हो। पृथ्वीराज कपूर, बलराज साहनी, दमयंती साहनी, चेतन आनंद, हबीब तनवीर, शंभु मित्रा, तृप्ति मित्रा, जोहरा सहगल, दीना पाठक जैसे आला दर्जे के कलाकार, कृश्न चंदर, सज्जाद जहीर, अली सरदार जाफरी, डॉ. रशीद जहां, इस्मत चुगताई, ख्वाजा अहमद अब्बास जैसे उर्दू के नामचीन लेखक, शांति बर्धन, गुल बर्धन, रेखा जैन, शचिन शंकर, नागेश जैसे मुल्क के उम्दा नर्तक, पं. रविशंकर, सलिल चौधरी, हेमांग विश्वास, अबनी दासगुप्ता जैसे शानदार संगीतकार, फैज अहमद फैज, मखदूम मोहिउद्दीन, कैफ़ी आजमी, साहिर लुधियानवी, शैलेंद्र, प्रेम धवन जैसे इंकलाबी गीतकार, बिनय राय, अण्णा भाऊ साठे, अमर शेख, दशरथ लाल जैसे होनहार लोक गायक, फोटोग्राफर-सुनील जाना, निर्देशक अनिल डी सिल्वा, भीष्म साहनी, एके हंगल, एमएस सथ्यू,









निरंजन सेन, ऋत्विक घटक और चित्तो प्रसाद, रामकिंकर बैज, जैनुल आबदीन, सोमनाथ होर जैसे बेमिसाल चित्रकार इप्टा की शान बढ़ाते थे। उसमें चार चांद लगाते थे। इन लेखक, कलाकार, गीतकार, नर्तक, संगीतकार और नाटककारों ने इप्टा के मार्फत हिन्दोस्तानी तहजीब में नए रंग भरे। उसका आकाश सतरंगी किया। मुल्क की आजादी के लिए अनथक कोशिशें कीं। अपनी दीगर मसरूफ़ियत के बावजूद, ये संस्कृतिकर्मी इप्टा के लिए जरूर समय निकालते थे। संगठन की मकबूलियत कुछ इस कदर बढ़ी कि मुल्क के कोने-कोने में हर जगह इसके हजारों हमसफ़र और हिमायती हो गए। एक वक्त ऐसा भी आया, जब देश के 22 राज्यों में तक़रीबन 12 हजार से ज्यादा कलाकार इप्टा से सक्रिय तौर पर जुड़े हुए थे और अपने कामों से अवाम में जनचेतना फैला रहे थे। इप्टा का ये सुनहरा दौर था। उस दौर में इप्टा एक ऐसी संस्था बनी, जो सीधे तौर पर अवाम से जुड़ी और अवाम को भी अपने साथ जोड़ा।

बंगाल का भीषण अकाल हो, या जापान का साम्राज्यवादी हमला या फिर आजादी की जद्दोजहद, इप्टा ने अपने जनगीतों और नाटकों को देशवासियों की आवाज बनाया। जनगीतों और नाटकों के जरिए समाज को जागृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आलम यह था कि अपने शुरुआती दौर में इप्टा, ने सिर्फ परफॉर्मिंग आर्ट का एक प्लेटफार्म न होकर, एक तहरीक की शक्ल इख्तियार कर ली थी। जिसमें वतन के लोग बड़ी तादाद में खुशी-खुशी शामिल हो रहे थे। इप्टा के गठन की पृष्ठभूमि में यदि जाएं, तो इसके पीछे देश में घटा एक बड़ा वाकिआ है। साल 1943 में बंगाल में भीषण अकाल पड़ा। इस अकाल में तकरीबन तीस लाख लोग भूख से मारे गए। वह तब, जब देश में अनाज की कोई कमी नहीं थी। गोदाम भरे पड़े हुए थे, लेकिन लोगों को अनाज नहीं मिल रहा था। एक तरफ लोग भूख से तड़प-तड़पकर मर रहे थे, दूसरी ओर अंग्रेज सरकार के कान पर जूं तक नही रेंग रही थी। ऐसे अमानवीय और संवेदनहीन हालात में, बंगाल अकाल पीड़ितों के लिए राहत जुटाने के वास्ते खुद देशवासी आगे आए और उन्होंने 'बंगाल कल्चरल स्कवॉड' स्थापित किया। इस सांस्कृतिक दल ने बंगाल में घूम-घूमकर अपने नाटक 'नबान्न' और 'जबानबंदी' के जरिए अकाल पीड़ितों के लिए चंदा इकट्ठा किया।

'बंगाल कल्चरल स्कवॉड' के इन नाटकों की लोकप्रियता ने ही इप्टा के स्थापना की प्रेरणा दी। कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़े बुद्धिजीवियों और तरक्कीपसंद तहरीक से जुड़े लेखक-कलाकारों ने सोचा कि यूरोप के 'यूनिटी थियेटर', अमेरिका के 'रिवोल्यूशनरी थियेटर' और चीन के 'पीपुल्स थियेटर' की तर्ज पर हिन्दुस्तान में भी एक पीपुल्स थियेटर यानी अवामी थियेटर का गठन किया जाए। ये थियेटर देश भर में ना सिर्फ आजादी की अलख जगाए, बल्कि सामाजिक बुराईयों अशिक्षा और अंधविश्वास आदि से भी लोहा ले। देशवासियों में एकता का पैगाम पहुंचाए। बहरहाल, इस थियेटर को आकार देने में शुरुआती काम किया श्रीलंकाई मूल की महिला अनिल डी सिल्वा ने। उन्हीं की कोशिशों का ही नतीजा था कि बहुत से हम-खयाल लोग एक साथ आते चले गए और मुंबई में बाकायदा 'इंडियन पीपुल्स थिएटर एसोसिएशन' का गठन हुआ। इस बात का बहुत कम लोगों को इल्म होगा कि इप्टा का नामकरण मशहूर वैज्ञानिक होमी जहांगीर भाभा ने किया था, तो वहीं इप्टा का प्रतीक चिन्ह 'कॉल आफ द ड्रम्स' प्रसिद्ध चित्रकार चित्तप्रसाद ने बनाया था। संगठन का नारा बना, 'इप्टा की नायक जनता है।' मुंबई में इप्टा का पहला अखिल भारतीय सम्मेलन हुआ, जिसके अध्यक्ष ट्रेड यूनियन लीडर एनएम जोशी और महासचिव अनिल डी सिल्वा चुनी गईं। इस मौक़े पर एक प्रस्ताव पारित किया गया, जो इप्टा का घोषणा-पत्र है। इसमें स्पष्ट तौर पर कहा गया कि ''इंडियन पीपुल्स थियेटर एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित यह सम्मेलन रंगमंच और परंपरागत कलाओं को पुनर्जीवित करने और साथ ही उन्हें स्वतंत्रता, सांस्कृतिक प्रगति और आर्थिक न्याय के लिए लोगों के संघर्ष को अभिव्यक्ति और संगठन का माध्यम बनाने और पूरे भारत में जन थिएटर आंदोलन शुरू करने की तत्काल आवश्यकता को स्वीकार करता है।'' इतिहास गवाह है, आगे चलकर इप्टा अपने इस ऐलान पर पूरी तरह से खरा उतरा। इप्टा का जन्म, वैसे तो अंग्रेजी हुकूमत और फ़ासिस्ट ताकतों के विरोध में हुआ था, लेकिन देखते-देखते उसने एक जन आंदोलन का रूप ले लिया। इप्टा एक ऐसा अजीम आंदोलन बना जिसने पूरे मुल्क में न सिर्फ लोक कलाओं की परिवर्तनकारी ताकत को पहचाना बल्कि मेहनतकश अवाम को भी इससे जोड़ा। किसान आंदोलन के लिए किसानों को जागृत और संगठित किया। किसानों के बीच जब नाटक, छोटे-छोटे रूपक खेले जाते या जनगीत, गजल, नज्में पढ़ी जातीं, तो उनमें एकता, संगठन और जुल्म के खिलाफ़ जद्दोजहद का जबर्दस्त जज्बा पैदा होता। आजादी के आंदोलन के दौरान यह वाकई एक बड़ा कारनामा था।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

---

**देवर्षि जयंती**

# वैष्णवों के परमाचार्य और मार्गदर्शक नारद




अशोक 'प्रवृद्ध'
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारतीय परंपरा में देवलोक में प्रतिष्ठा प्राप्त करने वाले ऋषिगण देवर्षि नाम से जाने जाते हैं। वायुपुराण में देवर्षि पद और उसके लक्षण के बारे में विस्तृत वर्णन करते हुए कहा गया है कि भूत, वर्तमान एवं भविष्य-तीनों कालों के ज्ञाता, सत्यभाषी, स्वयं का साक्षात्कार करके स्वयं में सम्बद्ध, कठोर तपस्या से लोकविख्यात, गर्भावस्था में ही अज्ञान रूपी अंधकार के नष्ट हो जाने से जिनमें ज्ञान का प्रकाश हो चुका है, ऐसे मंत्रवेत्ता तथा अपने ऐश्वर्य अर्थात सिद्धियों के बल से सब लोकों में सर्वत्र पहुंचने में सक्षम, मंत्रणा हेतु मनीषियों से घिरे हुए देवता, द्विज और नृप देवर्षि कहे जाते हैं। वायुपुराण में अंकित देवर्षि के सभी लक्षण सृष्टिकर्ता ब्रह्मा के छः मानस पुत्रों में से छठे पुत्र नारद में पूर्णतः चरितार्थ करते प्रतीत होते हैं, अक्षरशः घटित होते दृष्टिगोचर होते हैं।

इसी पुराण में आगे देवर्षि पद प्राप्त होने वाले ऋषियों की श्रेणी में कई अन्य ऋषियों का नाम शामिल करते हुए कहा गया है कि धर्म, पुलस्त्य, क्रतु, पुलह, प्रत्यूष, प्रभास और कश्यप- इनके पुत्रों को देवर्षि का पद प्राप्त हुआ। धर्म के पुत्र नर एवं नारायण, पुलस्त्य के पुत्र कुबेर, क्रतु के पुत्र बालखिल्यगण, पुलह के पुत्र कर्दम, प्रत्यूष के पुत्र अचल, कश्यप के पुत्र नारद और पर्वत देवर्षि माने गए हैं। लेकिन वर्तमान में देवर्षि के रूप में सिर्फ नारद को ही जग जानता है। उनकी जैसी ख्याति, प्रसिद्धि, यश और कीर्ति किसी अन्य को प्राप्त न हो सकी। वे विष्णु के अनन्य अवतार के साथ ही भगवान विष्णु के अनन्य भक्त भी माने जाते हैं। विष्णु के अब तक हुए अवतारों की अधिकांश लीलाओं में नारद उनके अनन्य सहयोगी बने हैं। वे भगवान के पार्षद होने के साथ देवताओं के प्रवक्ता भी हैं। वायुपुराण में अंकित देवर्षि के सभी लक्षणों से युक्त नारद मुनि सही मायनों में देवर्षि प्रतीत होते हैं। धर्म के प्रचार तथा लोक-कल्याण हेतु सदैव प्रयत्नशील रहने वाले देवर्षि नारद को पौराणिक ग्रंथों में भगवान का मन कहा गया है। यही कारण है कि वेद और उपनिषदों के मर्मज्ञ, देवताओं के पूज्य, इतिहास-पुराणों के विशेषज्ञ, पूर्व कल्पों अर्थात अतीत की बातों को जानने वाले, न्याय एवं धर्म के तत्त्वज्ञ, शिक्षा, व्याकरण, आयुर्वेद, ज्योतिष के प्रकाण्ड विद्वान, संगीत-विशारद, प्रभावशाली वक्ता, मेधावी, नीतिज्ञ, कवि, महापण्डित, बृहस्पति जैसे महाविद्वानों की शंकाओं का समाधान करने वाले, धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष के यथार्थ के ज्ञाता, योगबल से समस्त लोकों के समाचार जान सकने में समर्थ, सांख्य एवं योग के सम्पूर्ण रहस्य को जानने वाले, देवताओं-दैत्यों को वैराग्य के उपदेशक, कर्त्तव्य-अकर्त्तव्य में भेद करने में दक्ष, समस्त शास्त्रों में प्रवीण, सद्गुणों के भण्डार, सदाचार के आधार, आनंद के सागर, परम तेजस्वी, सभी विद्याओं में निपुण, सबके हितकारी और सर्वत्र गति वाले देवर्षि नारद का सभी युगों में, सभी लोकों में, समस्त विद्याओं में, समाज के सभी वर्गों में सदा से एक महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है। देवताओं के साथ ही दानवों ने भी उन्हें सदैव आदर किया है।

समय-समय पर सभी ने उनसे परामर्श लिया है। वे सबके सलाहकार, मित्र, आचार्य और मार्गदर्शक हैं। पौराणिक ग्रंथों में नारद को भागवत संवाददाता की की भांति प्रस्तुत किया गया है। ब्रह्मनंदन, वीणाधर, नारद मुनि आदि नामों से प्रसिद्ध देवर्षि नारद ने नारद पांचरात्र, नारद भक्ति सूत्र, नारद पुराण, नारद स्मृति आदि कई ग्रंथों की रचना की है। महाभारत में मोक्ष धर्म संबंधी नारायणी आख्यान में नारद की उत्तरदेशीय यात्रा का वर्णन अंकित है। उन्होंने नर-नारायण ऋषियों की तपश्चर्या देख कर उनसे प्रश्न किया। बाद में इन्होंने ही नारद को पांचरात्र धर्म का श्रवण कराया। नारद पांचरात्र नामक एक वैष्णव ग्रंथ भी है, जिसमें दस महाविद्याओं की कथा अंकित है। इस कथा के अनुसार हरि का भजन ही मुक्ति का परम कारण माना गया है। भागवत पुराण के अनुसार सृष्टि में भगवान ने देवर्षि नारद के रूप में तीसरा अवतार ग्रहण किया और सत्कर्मों के द्वारा भव-बंधन से मुक्ति का मार्ग दिखलाने वाले नारद पांचरात्र के नाम से विख्यात सात्वततंत्र का उपदेश दिया।

---

**लोकसभा चुनाव: 16वीं -17वीं लोकसभा में भाजपा ने सभी 25 सीटों पर मारी थी बाजी**

# भाजपा की हैट्रिक पर सवालिया निशान!


गुलाब बत्रा
वरिष्ठ पत्रकार

संख्या के हिसाब से अगली लोकसभा व्यस्क होगी। इस 18वीं लोकसभा के गठन के लिए भारत में 19 अप्रैल 2024 से 1 जून तक सात चरणों में मतदान की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में है। अब तक चार चरणों के मतदान को लेकर चुनावी नतीजे पर कयास लगाए जा रहे हैं। लेकिन तस्वीर 4 जून को मतगणना से साफ होगी। राजस्थान की बात करें तो लोकसभा की 25 सीटों के नतीजों को लेकर सत्ता एवं विपक्षी दलों के साथ आम जनता की उत्सुकता बरकरार है। वर्ष 2014 एवं 2019 में चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को सभी 25 सीटों पर सफलता मिली थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे और गारंटी की गारंटी पर केंद्रित इस चुनाव में भाजपा की हैट्रिक को लेकर ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है। मोदी जी के चुनावी दौरों के बावजूद पिछले चुनाव की तुलना में कम मतदान तथा बूथ प्रबंधन को लेकर भाजपा के अंदरूनी छान-बीन अधिक उत्साह जनक संदेश नहीं दे रही है। वहीं कांग्रेस को इस बार अपना खाता खुलने की उम्मीद है। कांग्रेस नेता चौंकाने वाले नतीजों का तकिया कलाम अपना आलाप रहे हैं।



अब बात सभी 25 सीटों के एकतरफा नतीजों की है। चुनावी इतिहास के पृष्ठ खोलें तो राजस्थान से 25 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का श्री गणेश छठी लोकसभा के चुनाव से हुआ था।

आपातकाल के पश्चात परिसीमन से सीटों की संख्या 23 से बढ़कर 25 हो गई। वर्ष 1951- 52 की अवधि में हुए आम चुनाव में हुए प्रथम आम चुनाव में राजस्थान से 20 सदस्य चुने गए, जिनमें 17 सीटें समान्य, दो अनुसूचित जाति एवं एक जनजाति के लिए सुरक्षित थी। केंद्र शासित अजमेर राज्य से सामान्य वर्ग की दो सीटें थी। इस प्रकार प्रदेश से कुल 22 सांसद निर्वाचित हुए। दूसरी एवं तीसरी लोकसभा के लिए भी यही संख्या बनी रही लेकिन चौथी लोकसभा में यह संख्या बढ़कर 23 हो गई। यह क्रम पांचवीं लोकसभा तक बना रहा। अब प्रदेश से 16 सामान्य, 4 अनुसूचित एवं तीन सीटें जनजाति के लिए सुरक्षित की गई। यद्यपि पांचवीं लोकसभा का कार्यकाल वर्ष 1976 में समाप्त हो गया था, लेकिन जून 1975 में देश में आपात स्थिति लागू होने तथा संविधान संशोधन से सदन की अवधि बढ़ाने के कारण छठी लोकसभा के चुनाव 16 एवं 19 मार्च 1977 को कराए गए। परिसीमन के चलते प्रदेश से निर्वाचित सांसदों की संख्या 23 से बढ़कर 25 हो गई, लेकिन आरक्षण व्यवस्था यथावत रही। समान्य वर्ग की सीटें 18 हो गईं। राजस्थान से 25 सांसदों का आंकड़ा यथावत है। राजस्थान में आपातकाल के पश्चात 1977 में छठी लोकसभा के चुनाव में नवगठित जनता पार्टी को 24 सीटों पर सफलता मिली। केवल नागौर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी नाथूराम मिर्धा विजयी हुए। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या (1984) के पश्चात आठवीं लोकसभा के चुनाव में पहली बार कांग्रेस को सभी 25 सीटों पर सफलता मिली। विपक्षी दलों का खाता भी नहीं खुला। नवीं लोकसभा में पासा पलटा विपक्षी दलों में भाजपा, जनता दल ने आपसी तालमेल में क्रमशः 13 एवं 11 स्थानों तथा एक सीट बीकानेर से मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के खाते में गई। कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला। दसवीं लोकसभा में भाजपा तथा कांग्रेस ने 12 तथा 13 सीटें जीती। 11वीं लोकसभा में भाजपा कांग्रेस ने 12- 12 सीटों पर तथा कांग्रेस (तिवारी) को एक सीट पर सफलता मिली। इस क्रम में 16वीं - 17वीं लोकसभा में भाजपा ने सभी 25 सीटों पर बाजी मारी, लेकिन 2024 के चुनाव में पहली संभावित हैट्रिक पर फिलहाल सवालिया निशान है।

एक टीवी इंटरव्यू में दिल्ली के सीएम केजरीवाल को पीएम ने भ्रष्टाचार के आरोपों पर घेरा

# पीएम बोले, केजरीवाल अनुभवी चोर, बचने के लिए की पहले व्यवस्था

**एजेंसी** | नई दिल्ली

देश में लोक चुनावों के छठे चरण के तहत राजधानी दिल्ली की सभी सात सीटों पर शनिवार को वोट डाले जाएंगे। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए आम आदमी पार्टी के मुखिया और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है। पीएम ने दिल्ली के सीएम को अनुभवी चोर करार दिया है। साथ ही यह भी बताया कि आखिर उनके घर क्यों नहीं नोटों की गड्डियां मिल रही हैं। दिल्ली शराब नीति में कथित भ्रष्टाचार केस में आम आदमी पार्टी के मुखिया फिलहाल अंतरिम जमानत पर बाहर हैं। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव प्रचार के लिए उन्हें यह छूट दी थी। जेल से निकलने के बाद केजरीवाल लगातार बीजेपी पर हमलावर हैं। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर उन्हें फंसाने का आरोप लगाते रहते हैं। दरअसल पीएम मोदी एक टीवी चैनल को एक इंटरव्यू के दौरान बोल रहे थे। जब उनसे पूछा गया कि केजरीवाल का कहना है कि बाकी जगहों पर नोटों की गड्डी मिलती है। मेरे यहां एक चवन्नी नहीं मिली। पीएम मोदी ने इसके जवाब में कहा, 'ऐसा है कि वह सरकार के अफसर रह चुके हैं। उनको मालूम है कि सरकार कैसे काम करती है। वह तो खुद को बचाने के लिए घेराबंदी कर ही लेंगे।'



### करप्शन के लिए दिल्ली में बच्चों का भविष्य बर्बाद कर दिया

पीएम मोदी ने कहा, "आपने नोटों के पहाड़ देखे कि नहीं देखे। इन नोटों के ढेर को देखकर आपको क्या लगता है, क्या यह मेहनत की कमाई के पैसे हैं? नोटों के पहाड़ पकड़े जाएं और सरकार कुछ करे नहीं तो लोग सोचेंगे कि कुछ सांठगांठ है। केवल करप्शन करने के लिए आपने दिल्ली में बच्चों का भविष्य बर्बाद करने के लिए स्कूल के पास शराब के ठेके खोल दिए।"

### केजरीवाल को ईडी की कार्रवाई का पता

पीएम ने आगे कहा, "जो अनुभवी चोर होता है उसको बड़ी सुविधा होती है। जो सरकार में रहा हुआ अफसर होगा, उसको मालूम होगा कि ईडी और सीबीआई कैसे कार्रवाई करेगी। इसलिए वो बचने की व्यवस्था पहले से ही करके रख लेते हैं।"

**सरकार पर लगते सांठगांठ के आरोप**

पीएम मोदी से जब पूछा गया कि सरकार पर आरोप लगे हैं कि उसने चुनाव से पहले दो मुख्यमंत्रियों को जेल में डाल दिया। इस सवाल पर उन्होंने कहा कि उनके गुनाहों पर सरकार कुछ न करे तो लोग कहेंगे कि जरूर कुछ सांठगांठ हुई है।

### दिल्ली एलजी की अपील: लोकतंत्र के महापर्व में लें हिस्सा



**नई दिल्ली**। दिल्ली में वोटिंग से एक दिन पहले उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने एक वीडियो संदेश जारी कर दिल्लवासियों से अपील की है कि वे बढ़-चढ़कर लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लें और राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। एलजी सक्सेना ने कहा कि याद रखें कि कल का दिन छुट्टी का दिन नहीं बल्कि ड्यूटी का दिन है। विनय सक्सेना ने कहा कि ये आपको तय करना है कि देश की दशा और दिशा क्या होगी। विनय सक्सेना ने वीडियो संदेश में कहा, ''कल यानी 25 मई को हम लोकतंत्र का महापर्व मनाने जा रहे हैं। होली, दशहरा, दिवाली, ईद, बड़ा दिन और अन्य त्योहार तो हर साल आते हैं लेकिन चुनाव का यह त्योहार पांच साल में एक बार आता है।

### अफवाह फैलाने वालों पर हरियाणा पुलिस रखेगी नजर

**चंडीगढ़**। वोटिंग के दिन फर्जी वीडियो फैलाने वालों की मॉनिटरिंग कर कार्रवाई होगी। यह बात हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक के दौरान दी। उन्होंने कहा कि 25 मई को प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान है ऐसे में कानून व्यवस्था बाधित करने की अनुमति किसी को नहीं दी जाएगी। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्व हरियाणा पुलिस के रडार पर रहेंगे। मतदाता अफवाहों की जानकारी हेल्पलाइन नंबर-112 या नियंत्रण कक्ष के हेल्पलाइन नंबर पर दें। ऐसा करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वोटिंग के दिन फर्जी वीडियो फैलाने वालों की मॉनिटरिंग कर कार्रवाई होगी।

बीजेपी प्रत्याशी कंगना रनौत के समर्थन में जनसभा में बोले

# जनता की वोट की ताकत से बना राम मंदिर: पीएम मोदी

**एजेंसी** | मंडी

पीएम नरेंद्र मोदी शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश के दौरे पर रहे। इस दौरान पीएम ने सुबह के वक्त नाहन और दोपहर के वक्त मंडी में जनसभा को संबोधित किया। मंडी में पीएम नरेंद्र मोदी ने बीजेपी प्रत्याशी कंगना रनौत को बंपर जीत दिलाने का अपील की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वह लंबे वक्त हिमाचल प्रदेश में रहे पहले वह अन्य नेताओं के लिए यहां रैली का आयोजन करते थे। मंडी में रैली करना किसी पहाड़ को चढ़ने से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि हर चप्पे से एक ही गुंज सुनाई दे रही है- फिर एक बार मोदी सरकार।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के पालमपुर से ही भारतीय जनता पार्टी की वर्किंग कमेटी की बैठक में वह ऐतिहासिक संकल्प पारित हुआ था, जिसमें राम मंदिर निर्माण की बात कही गई थी। उन्होंने कहा कि आज देश में राम मंदिर बनकर तैयार हुआ है। यह बीजेपी या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ताकत नहीं, बल्कि यह जनता की ताकत है।

उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक संकल्प और 500 साल का संघर्ष जनता की वोट की ताकत की वजह से ही खत्म हुआ है। आर्टिकल 370 निष्प्रभावी हुआ और सिटिजन अमेंडमेंट एक्ट आया। इसके साथ ही फौजियों को OROP मिल सका। उन्होंने कहा कि जनता की वोट की ताकत की वजह से ही भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है और लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने का काम भी सरकार ने किया।



**कंगना पूरा जीवन मंडी के विकास के लिए खपा देगी**

उन्होंने कहा कि कहा कि बहन कंगना को जीत दिलवाकर संसद में भेजना है, क्योंकि वह आने वाले वक्त में जनता की आवाज बनेंगी और अपना पूरा जीवन मंडी के विकास के लिए खपा देंगी। उन्होंने कहा कि कंगना रनौत की जीत का बंपर रिकॉर्ड जनता को बनाना है।

### हाटी समुदाय को आरक्षण देने जिक्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नाहन के चौगान में विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए कहा भारत को जो स्पीड और स्केल चाहिए, वो सिर्फ भाजपा ही दे सकती है। उन्होंने अपने भाषण से हिमाचल में गुजारे समय को याद किया, मां शालूनी और सभी देवी देवताओं को याद किया। उन्होंने कहा की जब में हिमाचल का प्रभारी था तब भी हिमाचल को अपना दूसरा घर मानता था और आज भी मानता हूं। समय बदला है पर मोदी नहीं बदला। वहीं, जब पीएम मोदी ने हाटी समुदाय का जिक्र किया तो जनसभा का पंडाल नारों से गूंज गया। मोदी ने कहा की कांग्रेस ने हमारे गिरिपार के हाटी समुदाय को भी आरक्षण नहीं दिया था। ये सारे काम मोदी ने आपका कर्ज उतारने के लिए किए हैं। पीएम ने कहा कि मुझे तीसरी बार आप सबका आशीर्वाद चाहिए। एक ताकतवर भारत बनाने के लिए, दूसरा विकसित भारत बनाने के लिए और तीसरा विकसित हिमाचल के लिए। हिमाचल प्रदेश चीन सीमा से सटा होने से एक मजबूत और ताकतवर सरकार देश में चाहिए। मोदी आपके लिए जान की बाजी लगा देगा, लेकिन आप पर कभी संकट नहीं आने देगा।

### प्रदेश के शिकंजे से बाहर निकालने के लिए जनता का साथ जरूरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव में बीजेपी के समर्थन के साथ छह विधानसभा क्षेत्र में होने जा रहे उपचुनाव में भी जनता से सहयोग का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शिकंजे से प्रदेश को निकालने के लिए जनता का साथ जरूरी है। उन्होंने लाहौल स्पीति से बीजेपी से प्रत्याशी रवि ठाकुर के साथ अन्य पांच बीजेपी प्रत्याशियों के जीत के लिए जनता से समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि जनता के वोट की ताकत बहुत बड़ी है। यह ताकत बड़ा बदलाव ला सकती है।

### भारत को पुरानी हालत में बदलना चाहती है कांग्रेस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस बार भी साल 2014 और साल 2019 की तरह ही सभी चार सीट पर भारतीय जनता पार्टी को जीत दिलवानी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भारत को पुराने वक्त में धकेलना चाहती है। जहां गरीबी, संकट और नागरिक समस्या हो। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आती है कि भारत पुराने हालत में एक बार फिर से आ जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने तो परमाणु हथियार भी खत्म करने की घोषणा कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने यूनिफॉर्म सिविल कोड का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इसके भी खिलाफ है। कांग्रेस मुस्लिम पर्सनल लॉ के बहाने शरिया का ही समर्थन कर रही है। उन्होंने कांग्रेस को घोर सांप्रदायिक, जातिवादी और परिवारवादी करार दिया।

### शाही परिवार है बेटी विरोधी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी संबोधन में कंगना रनौत की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, "कंगना रनौत हजारों युवाओं की आशाओं का प्रतिनिधित्व करती हैं। कंगना रनौत ने पूरे विश्व में अपने दम पर अपना नाम बनाया और कांग्रेस ऐसी ही बेटियों के विरोध में है।" उन्होंने कहा कि कंगना रनौत के खिलाफ कांग्रेस के नेताओं ने जो टिप्पणी की। वह बेहद अभद्र टिप्पणी थी। यह दु:ख की बात है कि अब तक कांग्रेस ने इसके लिए माफी भी नहीं मांगी है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवियों की भूमि है और यहां बेटियों का अपमान कांग्रेस के नेताओं ने किया। उन्होंने कहा कि हम 21वीं सदी में हैं, लेकिन कांग्रेस 19वीं सदी की तरफ बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का शाही परिवार बेटी विरोधी है और कांग्रेस पार्टी महिला विरोधी है।

### पीएम की कृपा, मां के योगदान को याद किया: संदीप

**नई दिल्ली**। दिल्ली में लोकसभा चुनाव की वोटिंग से ठीक पहले दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे और कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने पीएम मोदी की तारीफ की है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक निजी चैनल को दिए गए साक्षात्कार के वीडियो का हिस्सा शेयर किया है, जिसमें पीएम मोदी दिल्ली की पूर्व सीएम शीला दीक्षित को याद कर रहे हैं। इस वीडियो क्लिप को शेयर करते हुए संदीप दीक्षित ने लिखा, 'हालांकि, हमारे राजनीतिक मतभेद बने हुए हैं, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बहुत कृपा है कि उन्होंने शीला दीक्षित और उनके योगदान को याद किया। मेरी मां और प्रधानमंत्री मोदी 12 वर्षों तक एक साथ अलग-अलग राज्यों के मुख्यमंत्री रहे और अक्सर विभिन्न मंचों पर बातचीत करते थे। सार्वजनिक जीवन में ऐसा शिष्टाचार आवश्यक है।'

हरियाणा की 10 सीटों पर मतदान आज

## गुरमीत राम रहीम के डेरा सच्चा सौदा ने दिया बीजेपी को समर्थन

**एजेंसी** | चंडीगढ़



गुरमीत राम रहीम सिंह के डेरा सच्चा सौदा ने हरियाणा में आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के समर्थन का ऐलान किया है। चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद डेरा सच्चा सौदा ने 15 सदस्यीय कमेटी को चुनाव ड्यूटी के लिए नियुक्त कर दिया। बता दें कि हरियाणा की सभी 10 सीटों- अंबाला, कुरुक्षेत्र, सिरसा, हिसार, करनाल, सोनीपत, रोहतक, भिवानी-महेंद्रगढ़, गुड़गांव और फरीदाबाद में शनिवार, 25 मई को मतदान होगा। डेरा का प्रभाव पंजाब-हरियाणा सीमा से सटे जिलों जैसे सिरसा, कुरूक्षेत्र, कैथल में है। बता दें कि राम रहीम को हत्या के दो अलग-अलग मामलों में दोषी ठहराया गया है। इसके लिए उन्हें 17 जनवरी 2019 और 18 अक्टूबर 2021 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। वह रोहतक की सुनारिया जेल में 20 साल की जेल की सजा काट रहा है। राम रहीम को पिछले 4 साल में 9 पैरोल मिल चुकी हैं। उन्हें इसी साल जनवरी 50 दिनों के लिए पैरोल मिली थी। हरियाणा में 10 लोकसभा सीटों और करनाल विधानसभा उपचुनाव के लिए शनिवार (25 मई) को मतदान होगा। इसमें 223 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला होगा, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और कांग्रेस की कुमारी शैलजा जैसे बड़े दिग्गज शामिल हैं। लोकसभा चुनाव के छठे चरण में कुल 223 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिसमें 207 पुरुष और 16 महिलाएं मैदान में हैं। करनाल से बीजेपी उम्मीदवार खट्टर का मुकाबला हरियाणा युवा कांग्रेस अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा से है। हरियाणा में ज्यादातर सीटों पर सत्तारूढ़ बीजेपी और विपक्षी कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर देखने को मिल रही है। हालांकि, हिसार जैसी सीटों पर बहुकोणीय मुकाबला नजर आ रहा है। वही, हिसार से बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला लड़ रहे हैं। वो एक स्वतंत्र विधायक हैं, जो चुनाव से पहले बीजेपी में शामिल हो गए। इनका मुकाबला चौटाला परिवार के दो सदस्यों- जेजेपी की नैना चौटाला और INLD की सुनैना चौटाला से है। कांग्रेस की तरफ से जय प्रकाश भी मैदान में हैं। बीजेपी ने उद्योगपति और पूर्व कांग्रेस सांसद नवीन जिंदल को कुरुक्षेत्र से मैदान में उतारा है। उनका मुकाबला AAP की राज्य इकाई के प्रमुख सुशील गुप्ता और INLD के अभय सिंह चौटाला से है।

## राबड़ी देवी के दूसरे बॉडीगार्ड को किया सस्पेंड

**एजेंसी** | पटना

वैशाली जिला बल मे तैनात एक सिपाही को वैशाली एसपी हर किशोर राय ने निलंबित कर दिया है। मामला सारण में चुनावी हिंसा का है।

बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी की सुरक्षा में तैनात सिपाही आफताब आलम (नंबर 108) को सारण जिला में होने का विडियो वायरल हुआ था। वैशाली एसपी ने उस वीडियो में उस सिपाही के चिन्हित होने पर कार्रवाई करते हुए उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया हैं। 20 मई को सारण लोकसभा चुनाव हुआ था।

इसी दौरान राबड़ी देवी के अंगरक्षक के रूप में तैनात रहे सिपाही को लालू प्रसाद यादव के बेटी के साथ एक मतदान केंद्र पर देखा गया। सारण में चुनावी हिंसा की जांच के लिए एसआईटी ने जांच पड़ताल के दौरान राबड़ी देवी के आवास पर उस वीडियो से सभी बॉडीगार्ड और सिपाहियों के चेहरे से मिलान किया गया। जांच के बाद आज आफताब आलम (नंबर 108) को निलंबित किया गया है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भाजपा पर बरसे

# इंडिया गठबंधन को बहुमत पूरी की संभावना, चार जून का इंतजार करें- खरगे


**भाजपा चुनाव हार रही, 400 पार का नारा कैसे लगा रहे**

**एजेंसी** | नई दिल्ली

देश में लोकसभा चुनाव के सात चरणों में पांच चरणों के चुनाव हो चुके हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा बहुमत और कई दलों के समर्थन के बाद केंद्र की सत्ता में पहुंची। इस बार भारतीय जनता पार्टी के नेता 400 पार सीटों का दावा कर रहे हैं। लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इंडिया ब्लॉक को बहुमत मिलने की पूरी संभावना है। कलबुर्गी में खरगे ने कहा कि यह जनता और प्रधानमंत्री मोदी के बीच का चुनाव है। आज लोग बढ़ रही महंगाई और बेरोजगारी से बहुत निराश हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र और भारतीय संविधान पर बड़ा हमला हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा स्वायत्त संस्थाओं का दुरुपयोग कर प्रशासन चला रही है। इस कारण जनता उनसे परेशान है। जनता इंडिया गुट का समर्थन कर रही है। उन्होंने कहा कि इंडिया ब्लॉक को बहुमत मिलने की संभावना है। खरगे ने लोगों से चार जून तक इंतजार करने को कहते हुए कहा कि चुनाव नतीजों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।





### राजस्थान में शून्य से सात-आठ सीट तक पहुंचेंगे

खरगे ने कहा कि महाराष्ट्र में 'अघाडी' (गठबंधन) को 50 प्रतिशत से अधिक मिलेगा। खरगे ने कहा, "मैं समझने में असमर्थ हूं कि जब भाजपा की सीटों की संख्या हर जगह कम हो रही है तो उन्हें 400 पार से अधिक सीटें कैसे मिलेंगी?" उन्होंने कहा कि राजस्थान में हम शून्य थे। इस बार हमें सात से आठ सीटें मिलेंगी। मप्र में हमने दो सीटें जीती थीं। वहां भी सीट बढ़ेंगी। छत्तीसगढ़ में हमें सीटें मिलेंगी, जहां भाजपा का वर्चस्व था। वहां इनकी संख्या कम होगी। खरगे ने कहा, "इंडिया ब्लॉक को अधिक सीटें मिलने के पर्याप्त संकेत हैं।"

### बढ़ेगी कांग्रेस की सीटें

प्रह्लाद जोशी ने कहा है कि अगर कांग्रेस चार सीटें जीतेगी तो क्या यह वृद्धि नहीं है या यह कमी है?" कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि तेलंगाना में जहां कांग्रेस हाल ही में सत्ता में आई है, वहां 2019 में उसे दो सीटें मिली थीं। वहां कांग्रेस की सीटें बढ़ेगी।

**पीएम को कैसा पता चला 400 प्लस सीटें जीत रहे**

खरगे ने सीट जीतने के सवाल पर कहा कि मैंने इस तरह की गणना नहीं की क्योंकि राजनीति में ऐसी गणना दुर्लभ है। उन्होंने कहा कि हमारे मुताबिक भाजपा हार रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने पूछा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कैसे पता चला कि (भाजपा) 400 से ऊपर सीटें जीत रही है, जबकि वह हर जगह हार रहे हैं?

▌ जरूरी खबर ▌

## मेरी सेहत पर झूठ फैला रही है भाजपा



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री और बीजू जनता दल अध्यक्ष नवीन पटनायक ने भाजपा पर शुक्रवार को हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि उनका स्वास्थ्य बेहतर है और वह लोकसभा व विधानसभा चुनाव के लिए पूरे राज्य में प्रचार कर रहे हैं। दरअसल, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के दूसरे नेताओं ने टिप्पणी की थी कि पटनायक को उनके स्वास्थ्य और वृद्धावस्था के मद्देनजर आराम दिया जाना चाहिए। इसके बाद उनका यह बयान सामने आया है। 77 वर्षीय पटनायक ने कहा, 'भाजपा लोगों से कितना झूठ बोल सकती है, इसकी एक सीमा है।

## स्वामी प्रसाद के चुनाव कार्यालय में तोड़फोड़

**कुशीनगर।** राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष और कुशीनगर लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी स्वामी प्रसाद मौर्य ने अपने चुनाव कार्यालय में तोड़फोड़ करने का आरोप भाजपा कार्यकर्ताओं पर लगाया है। स्वामी समर्थकों ने इस मामले में थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि सूचना देने के घंटों बाद भी पुलिस नहीं पहुंची। वहीं स्वामी प्रसाद ने इससे जुड़ा एक ट्वीट भी किया है। बता दें कि स्वामी प्रसाद के समर्थन में आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर कसाया में प्रचार करने आने वाले थे।

## अयोध्या में कुबेरेश्वर का दर्शन भी सितंबर से



**अयोध्या।** श्रीरामजन्म भूमि परिसर में स्थित कुबेर नवरत्न टीला पर विराजित कुबेरेश्वर महादेव का दर्शन भी रामलला के दर्शनार्थियों को सितम्बर माह से सुलभ हो जाएगा। श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र की भवन निर्माण समिति की मंदिर परिसर में शुक्रवार को शुरू हुई दो दिवसीय बैठक में निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान कार्यदाई संस्था एल एण्डटी के पीडी वीके मेहता ने जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि कुबेर टीला पर निर्माणाधीन कार्य को अगस्त माह में पूरा कर तीर्थ क्षेत्र के सुपुर्द कर दिया जाएगा। तीर्थ क्षेत्र के न्यासी डा अनिल मिश्र ने बताया कि कुबेर टीला का निर्माण पूरा होने के बाद यहां आम श्रद्धालुओं को दर्शनार्थ भेजने की व्यवस्था तय की जाएगी।

## छठे चरण के मतदान की तैयारी



*कोलकाता। मेदिनीपुर में आम चुनाव-2024 के छठे चरण के लिए शुक्रवार 25 मई को आवश्यक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और अन्य चुनाव संबंधी सामग्री ले जाते हुए मतदान अधिकारी ।*

## अपराध में नाम न होने पर भी चलाया जा सकता मुकदमा



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कोयला ब्लॉक आवंटन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक टिप्पणी की है। अदालत ने कहा है कि किसी व्यक्ति का नाम किसी अपराध में नहीं है तो इसका मतलब यह नहीं कि उस पर धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। अदालत में शुक्रवार को कोयला ब्लॉक आवंटन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक याचिका पर सुनवाई चल रही थी। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मित्थल की अवकाश पीठ ने सुधीर गुप्ता की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई की। गुप्ता ने याचिका में अपने खिलाफ प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) और उसके बाद की कार्यवाही को रद्द करने की मांग की थी।

माड़ इलाके में की गई सुरक्षा एजेंसियों की तरफ से कार्रवाई

# मुठभेड़ में मारे 8 नक्सलियों के शव दंतेवाड़ा लाकर रखवाए

एजेंसी । रायपुर

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले के माड़ इलाके में हुए पुलिस -नक्सली मुठभेड़ में मारे गए सभी 8 नक्सलियों के शवों को लेकर जवान शुक्रवार की शाम सुरक्षित दंतेवाड़ा मुख्यालय पहुंचे। तीन जिलों के DRG, STF और बस्तर फाइटर्स के सैकड़ों जवानों के द्वारा संयुक्त रुप से चलाए गए एंटी नक्सल ऑपरेशन में माओवादी संगठन को काफी बड़ा नुकसान हुआ है। जवानों ने न सिर्फ मुठभेड़ में 8 नक्सलियों को मार गिराया है, बल्कि नक्सलियों का विस्फोटक सामान उनका दैनिक सामान और नक्सलियों के अस्थाई ट्रेनिंग कैम्प को भी ध्वस्त कर दिया है, नक्सली जिस माड़ इलाके को अपने लिए सबसे ज्यादा सेफ जोन मानते थे , इस इलाके में जवानों ने न सिर्फ धावा बोला बल्कि लंबे समय से इस इलाके में अपनी हुकूमत चला रहे नक्सलियों के ठिकाने को भी पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया है।





### 1 एकड़ में बना रखा था ट्रेनिंग सेंटर

दक्षिण बस्तर के डीआईजी कमलोचन कश्यप ने बताया कि नक्सलियो के माड़ इलाके में ऑपरेशन "जल शक्ति" लॉन्च किया गया था, बीते 21 मई से दंतेवाड़ा नारायणपुर और बस्तर जिले के DRG एसटीएफ और बस्तर फाइटर के 500 से अधिक जवानों को बीजापुर और नारायणपुर के सीमावर्ती इलाके में मौजूद हंदावाड़ा और रेकावाया के जंगलों में नक्सलियों के मौजूदगी की सूचना पर भेजा गया , 23 मई की सुबह 8:30 बजे जवानों ने नक्सलियों के कैंप पर धावा बोला और उन पर फायरिंग की।

### गांव की तरह किया था डेवलप

डीआईजी कमलोचन कश्यप ने बताया कि लगभग एक एकड़ में नक्सलियों ने अपना स्थाई ट्रेनिंग सेंटर बना रखा था, जहां नक्सली युवा लड़ाकू नक्सलियों को ट्रेनिंग दिया करते थे, लंबे समय से नक्सली यहां अपनी जनताना सरकार चला रहे थे, इस इलाकों को पूरे गांव की तरह नक्सलियों ने डेवलप किया था, जवानों के ट्रेनिंग सेंटर के तर्ज पर नक्सलियों ने अपना ट्रेनिंग सेंटर बना रखा था, यह पहली बार है कि जब जवानों ने इस माड़ इलाके में ऑपरेशन चलाकर नक्सलियों के ऐसे ठिकाने तक पहुंची और उसे ध्वस्त करने में कामयाबी हासिल की।

### 4 महीनों में 112 नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया

इस ट्रेनिंग सेंटर में माओवादी के बड़े लीडर लड़ाकू नक्सलियों को ट्रेनिंग दिया करते थे, लगभग 1 एकड़ में फैले इस ट्रेनिंग सेंटर में जवानों ने नक्सलियों का कई सामान भी बरामद किया है। हालांकि अभी मारे गए नक्सलियों की शिनाख्ती नहीं हो पाई है, लेकिन पुलिस अधिकारियों के मुताबिक तीन दिनों के ऑपरेशन में जवानों का सामना इंद्रावती एरिया कमेटी के नक्सली और माओवादी संगठन के प्लाटून नंबर -16 के लड़ाकू नक्सलियों से हुआ, जिन नक्सलियों को जवानों ने मुठभेड़ में मार गिराया है उनमें चार महिला और चार पुरुष नक्सली शामिल है। जवानों ने इनके शवो के पास से उनके हथियार भी बरामद किए हैं, वहीं बीते साढ़े 4 महीनो में बस्तर संभाग के अलग-अलग जिलों में नक्सल विरोधी अभियान के तहत जवानों ने अब तक 112 नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया है।

### आईईडी बम मौके पर ही कर दिया नष्ट

इधर जवानो के ऑपरेशन से वापसी के दौरान नक्सलियों ने एसटीएफ की टीम पर भी हमला बोला, लेकिन तुरंत जवानों ने मोर्चा संभालकर जवाबी कार्रवाई की और एक नक्सली को मुठभेड़ में मार गिराया. वहीं जवानों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से नक्सलियों ने 15 किलो का आईईडी बम प्लांट किया था जिसे सुरक्षा बलों के द्वारा सुरक्षित रूप से मौके पर ही नष्ट कर दिया गया. इस पूरे ऑपरेशन में जवानों ने लगभग 70 से 80 किलोमीटर पैदल घने जंगलों और ऊंची पहाड़ में चढ़ाई की.

### विस्फोटक सामग्री भी जब्त

डीआईजी कमलोचन ने बताया कि इस इलाके में लंबे समय से माड़ डिवीजन और पूर्वी बस्तर डिवीजन के अंतर्गत आने वाली इंद्रावती एरिया कमेटी का डीवीसीएम दीपक, कमलाकर, सपना उर्फ सपना अक्का प्लाटून नंबर - 16 का कमांडर मल्लेश के साथ बड़ी संख्या में बड़े नक्सली लीडरों की यहां मौजूदगी रहती थी, इसी इलाके में नक्सलियों ने अपना स्थाई ट्रेनिंग सेंटर बना रखा था, हालांकि इस मुठभेड़ में सभी बड़े नक्सली भाग निकलने में कामयाब हो गए, लेकिन जवानों ने चार पुरुष और चार महिला नक्सलियों को मार गिराया , जिनकी शिनाख्ती की जा रही है। वहीं घटनास्थल से जवानों ने नग 303 एक नग 312 बंदूक दो नग 12 बोर बंदूक, 7 BGL , दो कुकर आईईडी, वायरलेस सेट, बैटरी, पीट्टू और करीब 400 जोड़ी चप्पल, इसके अलावा सिलाई मशीन, चार एसबीएमएल भारी मात्रा में विस्फोटक, दवाइयां नक्सलियों के वर्दी और नक्सलियों का साहित्य और दैनिक उपयोग के सामान बरामद किया है.

मंत्री आतिशी ने लगाया बड़ा आरोप

# दिल्ली में एलजी ने वोटिंग धीरे करवाने के दिए आदेश

एजेंसी । नई दिल्ली



दिल्ली की मंत्री आतिशी ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना पर बड़ा आरोप जड़ा है। आतिशी ने कहा कि एलजी ने दिल्ली पुलिस को आदेश दिया है कि जहां पर इंडिया गठबंधन के वोटर्स ज्यादा हैं, वहां वोटिंग धीरे करवानी है। बता दें कि दिल्ली में शनिवार को लोकसभा की सभी सात सीटों पर वोटिंग होनी है। आतिशी के दावे पर सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह चौंकाने वाली बात है। चुनाव आयोग को ये सुनिश्चित करना चाहिए कि दिल्ली में सुचारू रूप से मतदान हो। आतिशी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "ऐसी जानकारी मिली है कि आज उपराज्यपाल ने दिल्ली पुलिस को आदेश दिए हैं कि जहां INDIA गठबंधन के वोटर भारी संख्या में हैं, वहां पर वोटिंग धीरे करवानी है ताकि लोगों को वोट डालने में दिक्कत हो। प्रशासन द्वारा भाजपा को जिताने का ऐसा कोई भी प्रयास ग़ैर-क़ानूनी, ग़ैर-लोकतांत्रिक और ग़ैर-संवैधानिक है। मैं उम्मीद करती हूँ कि चुनाव आयोग इसका संज्ञान लेगा, और ऐसे किसी भी प्रयास पर रोक लगाएगा।" दिल्ली में बीजेपी का मुकाबला आप और कांग्रेस वाली इंडिया गठबंधन से है। आम आदमी पार्टी चार सीटों पर चुनाव लड़ रही है तो वहीं कांग्रेस तीन सीटों पर मैदान में हैं। बीजेपी जहां एक तरफ अपनी पिछली जीत को दोहराने का दावा कर रही है, वहीं आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का मानना है कि जनता का भरोसा बीजेपी से उठ चुका है और इस बार बदलाव होना तय है।

## आरोपी को गिरफ्तार करने गई पुलिस पर हमला, 5 जवान घायल

एजेंसी । पटना


किशनगंज मुख्यालय से सटे बिहार बंगाल सीमा के निकट बंगाल के रामपुर विलायतीबाडी में पुलिस और ग्रामीणों के बीच झड़प हो गई। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस सदर थाना में दर्ज मक्का लूट मामले के आरोपित नूर आलम को पकड़ने गई थी। जहां आरोपी के समर्थकों ने पुलिस पर हमला कर दिया। हमले में किशनगंज टाउन थाने की पुलिस को आत्म रक्षा में हवाई फायरिंग करना पड़ा। ग्रामीणों के हमले के बाद किशनगंज टाउन थाने की पुलिस किसी तरह वहां से बचकर निकली। टाउन थाना की पुलिस मॉब लांचिंग का शिकार होते होते बच गई। पुलिस के अनुसार नूर आलम को किशनगंज के दौला पंचायत ईदगाह से गिरफ्तार किया गया था, लेकिन उसके परिजन और ग्रामीण राष्ट्रीय उच्च पथ 27 पर पहुंच गए और पुलिस टीम पर हमला कर दिया।

एक सांसद नहीं बेटे की तरह दीजिए समर्थन

# वोटिंग से पहले पीएम ने वाराणसी के मतदाताओं को भेजा खास संदेश

एजेंसी । वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से तीसरी बार चुनाव मैदान में है। देश की सभी लोकसभा सीटों की तुलना में वाराणसी से सबसे बड़ी जीत मिलने पीएम मोदी को यहां से मिलने की पूरी उम्मीद है। इसी कड़ी में अब प्रधानमंत्री मोदी की लिखी चिट्ठी वाराणसी के 2000 घरों तक पहुंच रही है, जिसमें वोटरों से 1 जून कों मतदान करने के साथ-साथ बीजेपी के समर्थन में वोट करने की अपील की गई है। अब तक यह खास पत्र 500 से अधिक घरों तक भेजा जा चुका है। चिट्ठी बांटने की जिम्मेदारी निभा रहे BHU के प्रो. ज्ञान प्रकाश मिश्रा के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी की ओर से अपने काशी वासियों के लिए एक खास पत्र भेजा जा रहा है, जिसमें वाराणसी के 2000 अलग अलग घरों तक इस पत्र को पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक यह पत्र 500 से अधिक घरों कों भेजा जा चुका है जहां खुद बीजेपी कार्यकर्ता लोगों के घरों तक जाकर उन्हें यह पत्र सौंप रहे हैं



### अभी बहुत कुछ करना बाकी है

इस पत्र में प्रमुख तौर पर एक संदेश लिखा है, "1 जून तक अपने परिवार के सदस्यों और संस्था के लोगों को बूथ तक लेकर आए। एक-एक वोट बीजेपी के पक्ष में हो। बाबा विश्वनाथ के आशीर्वाद से जो कुछ कर पाया हूं, अभी बहुत कुछ करना बाकी है। यह 2024 का चुनाव बहुत मायने में खास है।" इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने काशी के सांसद के साथ-साथ एक बेटे के रूप में काशी वालों से समर्थन मांगा है ।

### कला, साहित्य, राजनीतिक क्षेत्र के लोगों को लिखा पत्र



अब तक वाराणसी के 500 से अधिक घरों तक प्रधानमंत्री मोदी का यह खास संदेश भेजा जा चुका है। काशी के अलग-अलग क्षेत्र साहित्य, कला, राजनीति, खेल और जाने-माने हस्तियों के घरों तक जाकर बीजेपी कार्यकर्ता यह संदेश लेकर पहुंच रहे हैं। निश्चित ही चुनाव के ठीक पहले प्रधानमंत्री मोदी का संदेश काशी वालों को भेजा जा रहा है। यह संदेश अनोखा माना जा रहा है। चिट्ठी प्राप्त करने के बाद विभिन्न क्षेत्र से जुड़े हस्तियों ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री मोदी का आभार भी व्यक्त किया है।

## नकुला रेंटल ड्रेसेज के थीम बेस्ड शूट में बिखेरा अदाओं का जलवा

# जयपुर का फैशन वर्ल्ड 'हीरामंडी' में प्रमोट, मॉडल्स ने दिए समर पोज

बेधड़क | जयपुर

राजधानी जयपुर स्थित दी राजमणि होटल में नकुला रेंटल ड्रेसेज की ओर से थीम बेस्ड फोटोशूट का आयोजन किया गया। फिल्म 'हीरामंडी' थीम पर हुए शूट में शहर की मॉडल्स प्रियांशी जैन, रितिका, चित्रा, बिपाशा और पायल ने समर पोज दिए। मॉडल्स ने फिल्म 'हीरामंडी' के किरदारों में ढलकर शानदार पोज बनाए। मॉडल्स का मेकओवर मेकअप आर्टिस्ट दीक्षा सबनानी, जागृति टिंकर और भूमि जोशी ने किया। फोटोग्राफर लवीना खत्री ने शूट की फोटोग्राफी करते हुए मॉडल्स को एक अलग दुनिया में सजाया।





### अलग प्लेटफॉर्म देना था मकसद

नकुला रेंटल ड्रेसेस से विनीता सुथार और स्वाति सुथार ने बताया कि शूट का मकसद मॉडल्स को एक अलग प्लेटफॉर्म देना और उनकी प्रतिभा को उजागर करना था। वे आगे भी इस तरह के थीम बेस्ड शूट से फैशन को प्रमोट करेंगी। शूट में शामिल मॉडल्स ने इस अनुभव को बेहद खास बताया और कहा कि उन्हें फिल्म 'हीरामंडी' के किरदारों में ढलकर पोज देने में एक अलग अनुभव हुआ।



## रवींद्र मंच पर आज होगा नाटक 'आधी रात के बाद' का मंचन

**बेधड़क, जयपुर।** इंडियन पीपुल्स थिएटर (इप्टा) जयपुर की ओर से 81वें स्थापना दिवस पर रवींद्र मंच में 'आधी रात के बाद' नाटक का मंचन किया जाएगा। अध्यक्ष व इप्टा के वरिष्ठ रंगकर्मी संजय विद्रोही ने बताया कि देश के सभी राज्यों में इप्टा की तीन हजार से अधिक यूनिट्स हैं। हर वर्ष प्रत्येक यूनिटें 25 मई को 'स्थापना दिवस' को 'जन संस्कृतिक दिवस' के रूप हर राज्य में मनाया जाता है। इस अवसर पर इप्टा ने वार्षिक कलेंडर तैयार किया है, जिसकी पहली प्रस्तुति शंकर शेष द्वारा लिखित नाट्य रचना आधी रात के बाद से होगी।

## नाटक 'रोमियो एंड जूलियट' में सद्भावना और प्रेम का संदेश



**बेधड़क, जयपुर।** शेक्सपीयर द्वारा लिखित नाटक 'रोमियो एंड जूलियट' की प्रस्तुति दर्शकों को मोह गई। निर्देशन जेपीएचएस की वरिष्ठ वाइस प्रिंसिपल संजना मोरिस ने किया। प्रतिवर्ष की तरह यह आयोजन इस वर्ष भी किया गया। चेयरपर्सन डॉ. जयश्री पेड़ीवाल ने कलाकार और मंच के पीछे सहयोगी प्रोडक्शन टीम को मोटिवेट किया। उन्होंने आशा जताई कि जिस तरह इस नाटक से बच्चों ने समाज में हिंसा, भेदभाव और बुराई के प्रति एक बुलंद आवाज उठाई है, उसी तरह हम सब को संवेदनशील होकर समाज में सद्भावना और प्रेम का संदेश पहुंचाना चाहिए। नाटक 'रोमियो एंड जूलियट' नाटकार शेक्सपीयर की एक त्रासदी है, जिसमें दो युवा 'रोमियो एंड जूलियट' अपने-अपने परिवारों की खानदानी दुश्मनी के बावजूद एक-दूसरे से प्यार कर बैठते हैं। गलत फहमियों और एक के बाद एक दुखद घटनाओं के चलते दोनों की असामयिक मृत्यु हो जाती है। इसके बाद ही दोनों के परिवारों को भूल का अहसास होता है।

## टूरिज्म स्टेकहोल्डर्स मीट आज

**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान हॉस्पिटेलिटी एंड टूरिज्म स्टेकहोल्डर्स मीट-2024 का शनिवार को आयोजन किया जाएगा। एसोसिएशन ऑफ डोमेस्टिक टूअर ऑपरेटर्स ऑफ इंडिया की ओर से शाम 6:15 होटल विस्टा में होने वाली मीट में कई एक्सपर्ट हिस्सा लेंगे।

# City इवेंट्स

### 'राउंड टेबल' बनाएगा स्कूल में कमरे



**बेधड़क, जयपुर।** राउंड टेबल ट्रस्ट की ओर से राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बम्बाला सांगानेर में कमरे बनने की शुरुआत की गई। ट्रस्ट की ओर से 30 लाख रुपए की अनुमानित राशि खर्च की जाएगी। इस दौरान बिरदी चंद शर्मा, गौड़ ब्राह्मण सभा राष्ट्रीय अध्यक्ष, शंकर शर्मा, सुमित शर्मा, गोपाल पचेरवाल आदि मुख्य थे। इस दौरान विद्यालय परिवार व अभिभावक गवाह के रूप में उपस्थित थे। कमरे बन जाने से विद्यालय में शिक्षा की सुविधा बेहतर होगी। राउंड टेबल ट्रस्ट की ओर से चेयरमैन जीवेश अग्रवाल, सचिव वैभव अग्रवाल, संस्थापक चेयरमैन अनिरुद्ध दीवान, राजस्थान प्रोजेक्ट हेड अविनेश कासलीवाल व अन्य सदस्य मौजूद थे। इस दौरान सभी ने मिलकर भूमि पूजन किया।

### सेवा दिवस पर आज होंगे कार्यक्रम

**बेधड़क, जयपुर।** भाजपा राजस्थान के सभी कार्यकर्ता सेवा दिवस 25 मई को मनाएंगे। सेवा दिवस में विभिन्न कार्यक्रम पक्षियों को दाना डालना, पेड़ लगाना, ब्लड डोनेशन आदि होंगे। साथ ही पूर्व मंत्री व पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के साथ वर्तमान राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अरुण चतुर्वेदी का एस बी गार्डन में अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### भगवान को फव्वारों से कराया स्नान



**बेधड़क, जयपुर।** आनंद कृष्ण बिहारी मंदिर में जल विहार की झांकी सजाई गई। ठाकुर राधा गोविंद को गर्मी से निजात दिलाने के लिए फव्वारे चलाए गए। मोगरे के फूलों की आकर्षक झांकी सजाई गई। भगवान को ऋतु फल का भोग लगाया गया। आनंद कृष्ण बिहारी मंदिर पुजारी मातृ प्रसाद शर्मा ने बताया कि मई और जून में गर्मी का असर अधिक देखा जाता है। देवालय में बैठे देवताओं को भी गर्मी से निजात दिलाने के लिए उन्हें ठंडक प्रदान की जाती है। मंदिर परिसर के गर्भ गृह में जल विहार और नौका विहार की झांकी सजाई गई। ऋतु पुष्प से ठाकुर का श्रृंगार किया। साथ ही झीनी मलमल की पोशाक धारण कराई गई।

## महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में अनूठा कार्यक्रम आज

# 'सोल ऑफ सिम्फनी' में पियानो की धुन पर गूंजेंगी चौपाइयां



बेधड़क | जयपुर

चर्चित शो 'सोल ऑफ सिंफनी' इस बार अनूठे अंदाज में मनाया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक और ट्रिनिटी इंस्टीट्यूट निदेशक प्रदीप चतुर्वेदी और मणि चतुर्वेदी ने बताया कि संगीत जगत में पियानो अभी तक केवल रोमांटिक धुनों और गानों के लिए ही जाना जाता रहा है, लेकिन यह पहली बार होगा जब इस वाद्य पर संगीत प्रेमियों को आध्यात्मिक अनुभूति कराई जाएगी। शनिवार को महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में शाम 6 बजे से होने बॉलीवुड गायकों रवीन्द्र उपाध्याय, डॉ. गौरव जैन, सारेगामा फेम रिनी चंद्रा और हनी ट्रूप को लेकर एक खास कार्यक्रम तैयार किया जाएगा। इस मौके पर ये सभी कलाकार पियानों की धुन पर रामायण की चौपाईयां और भजन पेश करेंगे। इसके अलावा इंस्टीट्यूट के दर्जनों पियानो वादक इस वाद्य पर प्रदर्शन करेंगे, जिसमें चंचल नर्सरी राइम और लोकप्रिय आधुनिक गीतों से लेकर पश्चिमी शास्त्रीय संगीत तक के प्रदर्शन शामिल हैं। संगीत गुरु पं. कुंदन मल शर्मा, सोल ऑफ सिंफनी के एल्यूमिनी विकास बागला, प्रोड्यूसर और म्यूजिक डायरेक्टर हनी ट्रूपर, सिंगर रिनी चंद्रा, रवीन्द्र उपाध्याय और डॉ. गौरव जैन समारोह में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में मौजूद रहेंगे।

## खजुराहो में करेंगे प्रणम्य सागर से भेंट

# जयपुर चातुर्मास के लिए श्रीफल भेंट करने आज रवाना होगा दल



बेधड़क | जयपुर

आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य अर्हम योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के जयपुर में चातुर्मास करने के लिए निवेदन करने के लिए 51 सदस्यीय दल खजुराहो जाएगा।

श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन समिति अध्यक्ष सुशील पहाड़िया व मंत्री राजेन्द्र सेठी ने बताया कि दल शनिवार को 5 बजे मीरा मार्ग के श्रीआदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से रवाना होगा।

दल में राजस्थान जैन सभा, राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर, दिगम्बर जैन महासमिति, दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फैडरेशन, श्रीवीर सेवक मण्डल, श्रीदिगम्बर जैन मुनि संघ प्रबंध समिति, श्री दिगम्बर जैन पदयात्रा संघ, मानसरोवर सम्भाग मंदिरों के पदाधिकारियों सहित अन्य संस्थाओं के पदाधिकारी कई मुनि भक्त व श्रेष्ठीजन शामिल होंगे। दल रविवार को सुबह अतिशय क्षेत्र खजुराहो पहुंचकर मंदिर दर्शन, अभिषेक, शांतिधारा व पूजा अर्चना के बाद अर्हम योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ को जयपुर में इस वर्ष का चातुर्मास करने के लिए श्रीफल भेंट कर निवेदन करेगा।

यात्रा दल शाम को आरती के बाद जयपुर के लिए वापस रवाना होकर सोमवार को जयपुर लौटेगा।

पोस्टर विमोचन | जयपुर में दिखाई जाएगी थ्रीडी एनिमेशन फिल्म

# 'द लाइट' में दिखेगी ब्रह्मकुमारी की स्थापना की कहानी

बेधड़क | जयपुर

ब्रह्मकुमारी की स्थापना की अद्भुत कहानी पर आधारित थ्रीडी एनिमेशन फिल्म 'द लाइट' रविवार को जयपुर के विद्याधर नगर स्थित सिने स्टार में प्रदर्शित की जाएगी।

इससे पहले सीकर रोड स्थित ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय पीस पैलेस ओम शांति मेडिटेशन सेंटर श्रीनिवास में पोस्टर विमोचन करने माउंट आबू से आई ब्रह्माकुमारी शिखा बहन और पीस पैलेस की संचालिका ब्रह्माकुमारी हेमलता बहन आईं।



उन्होंने बताया कि ब्रह्माकुमारीज गोडलीवुड स्टूडियो माउंट आबू द्वारा निर्मित पहली थ्रीडी एनिमेशन फिल्म 'द लाइट' को इस वर्ष मार्च में पहली बार जयपुर स्थित राजमंदिर में प्रदर्शित किया गया था। अब दर्शकों की डिमांड पर दूसरी बार इसे 26 मई को प्रदर्शित किया जाएगा।

### प्रोजेक्टर से दिखाई जा रही है फिल्म

उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारी अविवाहित महिलाओं द्वारा संचालित विश्व की सबसे बड़ी आध्यात्मिक संस्था है। इसकी स्थापना की अद्भुत गाथा और संख्या के साकार संस्थापक पिता ब्रह्माजी के जीवन के सत्य प्रसंग पर आधारित एक प्रेरणादायक कहानी पूर्व ब्रह्माकुमारीज गोडलीवुड स्टूडियो, माउंट आबू द्वारा निर्मित थ्रीडी एनिमेशन फिल्म 'द लाइट', भारत देश के अनेक स्थानों पर प्रोजेक्टर से दिखाई जा रही है।

### 650 सीट्स की हो चुकी है बुकिंग

अभी तक इसके लिए 650 सीट की बुकिंग हो चुकी है। फिल्म के जरिए पिताश्री ब्रह्मा के आध्यात्मिक और चुनौतीपूर्ण जीवन यात्रा को दर्शाया गया है। महिला सशक्तिकरण और संस्था की स्थापना में आई अनेक बाधाओं का महिलाओं ने कैसे सामना किया, फिल्म में दिखाया जाएगा। फिल्म का उद्‌घाटन फिल्म स्थल पर शहर के व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया जाएगा।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, शनिवार, 25 मई, 2024



हमारा सारा ज्ञान हमारी धारणाओं में निहित है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



### काओकलाम गांव में तड़के हुआ भूस्खलन...पूरा एक गांव दबा

# पापुआ न्यू गिनी में लैंडस्लाइड से तबाही, 100 की मौत

**एजेंसी** | मेलबर्न

पापुआ न्यू गिनी में लैंडस्लाइड से तबाही का मंजर देखने को मिला। पापुआ न्यू गिनी के दूरदराज के पहाड़ी हिस्से में भूस्खलन में एक गांव पूरी तरह से दब गया, जिससे 100 से अधिक लोगों की मौत हो गई। लैंडस्लाइड कथित तौर पर राजधानी पोर्ट मोरेस्बी से लगभग 600 किमी उत्तर-पश्चिम में एंगा प्रांत के काओकलाम गांव में सुबह 3 बजे हुआ।

स्थानीय लोगों का कहना है कि लैंडस्लाइड से मरने वालों की संख्या 100 से अधिक होने के अनुमान हैं. हालांकि पापुआ न्यू गिनी के अधिकारियों ने उस आंकड़े की पुष्टि नहीं की है, लेकिन स्थानीय गांव के लोगों का दावा कि लैंडस्लाइड से मरने वालों की संख्या और अधिक हो सकती है। प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने कहा कि उन्हें अभी भी स्थिति के बारे में पूरी जानकारी नहीं मिली है। हालांकि, वह उन लोगों के परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं, जिनकी लैंडस्लाइड के दौरान मौत हो गई है। उन्होंने कहा कि जिस इलाके में लैंडस्लाइड की घटना घटी है, वहां बचाव और राहत कार्य शुरू कर दिए गए हैं।



### राहत कार्य युद्ध स्तर पर

प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने कहा कि इलाके में राहत कार्य शुरू हो गया है। शवों की बरामदगी और बुनियादी ढांचे के पुनर्निर्माण के लिए पीएनजी रक्षा बल, आपदा अधिकारियों और निर्माण एवं राजमार्ग विभाग के अधिकारियों को घटनास्थल पर भेजा जा रहा है। दूसरी ओर, सोशल मीडिया पर वीडियो में निवासियों को पेड़ों और चट्टानों के नीचे दबे शवों को बाहर निकालते हुए दिखाया गया है। स्थानीय महिला एलिजाबेथ लारुमा ने कहा कि पहाड़ का किनारा टूट गया और घर ढह गए। चूंकि घटना शुक्रवार तड़के घटी। उस समय लोग अपने घरों में सो रहे थे। ऐसा अनुमान है कि इस दुर्घटना में लगभग 100 से अधिक लोग जमीन के नीचे दबे हुए हैं। भूस्खलन से पोरगेरा और गांव के बीच सड़क बाधित हो गई है। इससे ईंधन और सामान की आपूर्ति में बाधा पैदा हो रही है।

### तबाही इतनी कि शव ढूंढ़ने में हो रही परेशानी

काओकलाम में तबाही मची हुई है। चारों ओर विशाल पत्थर और पौधे, पेड़ और ढही हुई इमारतें हैं। इनके कारण शवों को ढूंढने में परेशानी हो रही है। बता दें कि पापुआ न्यू गिनी 800 भाषाओं वाला देश है। यहां के लोगों का मुख्य जीविका खेती है। यहां की आबादी 10 मिलियन है और ऑस्ट्रेलिया के बाद सबसे अधिक आबादी वाला दक्षिण प्रशांत राष्ट्र है।

### इंटरनेशनल कोर्ट ने इजराइल को दिया सख्त आदेश

# ‘सेना को तुरंत रोको... अब थम जाएगा इजराइल-हमास वॉर’

**एजेंसी** | हेग

इंटरनेशनल कोर्ट ने शुक्रवार को इजराइल को गाजा के शहर रफाह में सेना की कार्रवाई को तुरंत रोकने का आदेश दिया। हमास के खिलाफ युद्ध को लेकर इजराइल पर अंतरराष्ट्रीय दबाव और बढ़ गया है। हेग में स्थित कोर्ट के चीफ जस्टिस नवाफ सलाम ने कहा कि इजराइल को रफाह में अपने सेना के अटैक और किसी भी अन्य कार्रवाई को तुरंत रोकना चाहिए। गाजा में फिलिस्तीनियों के जीवन को पूर्ण या आंशिक रूप से विनाश की ओर ले जा सकती है।

आईसीजे के चीफ जस्टिस सलाम ने कहा कि अदालत रफाह में मानवीय स्थिति को “विनाशकारी” मानती है। अगर रफाह में इजराइली ऑपरेशन जारी रहा तो स्थिति “और भी भयावह” होने वाली है। इससे पहले इजराइल ने अमेरिका सहित कई अंतरराष्ट्रीय संगठन की बात न मानकर 7 मई को रफाह में लिमिटेड जमीनी आक्रमण शुरू किया था। इजराइली सेना रफाह में घुसते ही मिस्त्र से लगे बॉर्डर को लॉक कर दिया, तब से वह बंद है.। यह गाजा में मानवीय सहायता के लिए एक महत्वपूर्ण प्रवेश बिंदु था। आईसीजे ने कहा कि रफाह में इजराइल के सैन्य कार्रवाई के बाद से पहले दस लाख से अधिक फिलिस्तीनी वहां शरण लिए हुए थे, लेकिन अटैक के बाद से लगभग 8 लाख लोग शहर छोड़ चुके हैं। कोर्ट ने कहा कि इजराइल ने वहां पर शरण लिए लोगों को शहर खाली करने और रहने की स्थिति फिलिस्तीनियों के सामने आने वाले भारी जोखिम को कम करने के लिए पर्याप्त नहीं था। आईसीजे के फैसले अंतिम और बाध्यकारी होते हैं, लेकिन उनके पास लागू करने के लिए कोई तंत्र नहीं है, और पहले भी उन्हें अंतराष्ट्रीय स्तर पर अनदेखा किया गया है। साउथ अफ्रीका ने 10 मई को आईसीजे में इजराइल में याचिका डाली थी। इजराइल पर आरोप लगाया कि रफाह के लोगों को जबरदस्ती निकाल कर उनके जीवन को खतरे में डाला जा रहा है। साउथ अफ्रीका 7 महीने के लंबे संघर्ष में इजराइल पर फिलिस्तीनियों के खिलाफ नरसंहार करने का आरोप लगाया है। इजराइल ने आईसीजे में खुद पर लगे इन सभी आरोपों से इनकार कर दिया है। उसने कोर्ट से आग्रह किया कि हमास की वजह से इजराइल की जो वर्तमान स्थिति है उसका सम्मान करें।



### आईसीजे के फैसले से खुश हुआ हमास

कोर्ट के फैसले से आतंकी समूह हमास खुश नजर आ रहा है। उसने इंटरनेशनल कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। फिलिस्तीन के समूह ने एक बयान में कहा है कि वह आईसीजे के फैसलों का स्वागत करता है क्योंकि इजराइली सेना गाजा पट्टी में नरसंहार कर रही है, लेकिन हमास ने कहा कि उसे उम्मीद है कि अदालत इजराइल को केवल रफाह में ही नहीं बल्कि पूरे घिरे क्षेत्र में अपने सैन्य अभियानों को रोकने का आदेश जारी करेगी। इसने कहा कि जबलिया और गाजा पट्टी के अन्य प्रांतों में जो हो रहा है वह रफाह में जो हो रहा है उससे कम आपराधिक और खतरनाक नहीं है। हमास ने कहा कि हम अंतरराष्ट्रीय समुदाय और संयुक्त राष्ट्र से आह्वान करते हैं कि वे इस फैसले का तुरंत पालन करने के लिए इजराइल पर दबाव डालें और संयुक्त राष्ट्र के सभी प्रस्तावों का गंभीरता से और ईमानदारी से लागू करने के लिए आगे बढ़ें।

### स्पेन के मल्लोर्का आइलैंड में बड़ा हादसा... 20 से अधिक घायल

# रेस्टोरेंट की छत गिरी, 4 की मौत

**एजेंसी** | मैड्रिड

स्पेन के मालोर्का द्वीप पर समुद्र तट पर स्थित एक रेस्तरां के ढह जाने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने कहा कि अन्य लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। रिपोर्ट के मुताबिक, घटना गुरुवार रात लगभग 8 बजे हुई। दुर्घटना से पहले ली गई तस्वीरों से पता चला है कि रेस्तरां, मेडुसा बीच क्लब में तीन स्तर थे, मध्य और ऊपरी मंजिल पर बड़ी छतें थीं जो खंभों पर टिकी हुई थीं। एक्स पर साझा की गई एक पोस्ट में मेजरका की आपातकालीन सेवाओं ने कहा कि चार लोगों की मौत और 27 के घायल होने की पुष्टि हुई है। एक्स पर एक पोस्ट में स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने कहा कि वह राहत कार्यों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। सांचेज ने कहा कि उन्होंने स्थानीय और क्षेत्रीय नेताओं को राष्ट्रीय सरकार के सभी संसाधन देने की पेशकश की है। मालोर्का भूमध्य सागर में स्पेन के बेलिएरिक द्वीपों में सबसे बड़ा द्वीप है, जो एक लोकप्रिय रिसॉर्ट स्थल है जहां साल भर उत्तरी यूरोप के पर्यटकों की भीड़ रहती है।



### पुतिन ने ऑर्डर पर किए दस्तखत

# अमेरिकी संपत्तियां जब्त करेगा रूस

**एजेंसी** | मॉस्को

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका द्वारा रूसी संपत्तियों की संभावित जब्ती के जवाब में अमेरिकी संपत्तियों को जब्त करने के एक डिक्री पर हस्ताक्षर किए। अमेरिका में रूस की संपत्तियों की जब्ती की आशंका के जवाब में यह फैसला किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, डिक्री में लिखा है कि रूसी सेंट्रल बैंक और रूसी संस्थाओं को अमेरिका द्वारा संपत्तियों की गैरकानूनी जब्ती के मामले में अदालत में कानूनी निवारण लेने का अधिकार होगा। रूसी सरकार का एक विशेष आयोग अमेरिकी परिसंपत्तियों या संपत्तियों की पहचान करेगा, जिसमें रूस में चल और अचल अमेरिकी संपत्तियां, प्रतिभूतियां, रूसी उद्यमों में शेयर और संपत्ति के अधिकार शामिल हैं, जिनका उपयोग होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए किया जा सकता है।



### कानून में संशोधन करने के लिए दिया समय

सुविधाजनक बनाने के लिए रूसी कानून में संशोधन पेश करने के लिए चार महीने का समय दिया गया है। इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अप्रैल में एक कानून पर हस्ताक्षर किए थे। इसके तहत प्रशासन को अमेरिका में रूस की लगभग 5 अरब डॉलर की संपत्तियों को जब्त करने का अधिकार दिया गया है। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध चलने के दौरान नाटो समेत कई देशों ने रूस पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए हैं।

### अमेरिका का बड़ा प्लान

अमेरिका ने G7 देश कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, यूनाइटेड किंगडम और यूरोपीय यूनियन के सामने यूक्रेन की मदद करने के लिए एक प्लान पेश किया है। इसके तहत यूक्रेन को 50 बिलियन डॉलर की मदद देने के लिए रूस की संपत्ति का इस्तेमाल किया जाएगा। अमेरिका का ये प्रस्ताव कांग्रेस में पास हुआ और राष्ट्रपति बाइडेन ने पिछले हफ्ते इस कानून पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। इसके बाद अमेरिका रूस की संपत्ति को जब्त कर उसका इस्तेमाल यूक्रेन की मदद करने के लिए कर सकता है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl